दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित






● नई दिल्ली | बुधवार 18 दिसंबर-2024 ● वर्ष : 9 अंक : 359 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3





# वार्ड - 19 और 21 में निगम का उपचुनाव संपन्न

## भाजपा की दिख रही है बढ़त | 19 दिसंबर को आएगा चुनाव का परिणाम






## वार्ड-19 पटेल नगर- मुकुंद नगर में हुआ 30.60% मतदान ● वार्ड-21 में 26.93 रहा वोटिंग परसेंटेज

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** मंगलवार को नगर निगम के वार्ड-19 और 21 के लिए हुए उपचुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराया गया। वार्ड-19 में पटेल नगर-मुकुंद नगर के अलग-अलग मतदान केंद्रों पर सुबह आठ बजे से लेकर शाम पांच बजे तक मतदान हुआ। तो वहीं भोवापुर में भी शांतिपूर्वक मतदान की खबर है। इस दौरान वार्ड 19 पटेल नगर-मुकुंद नगर में 13232 मतदाताओं में से कुल 4049 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। यहां का वोटिंग प्रतिशत 30.60 दर्ज किया गया है। तो वहीं वार्ड-21 भोवापुर में 13084 वोटर्स में से कुल 3524 मतदाताओं ने वोट डाला है। यहां का पोलिंग परसेंटेज 26.93 दर्ज किया गया है। अब दोनों ही वार्ड को लेकर हुए उपचुनाव का परिणाम 19 दिसंबर को जारी किया जाएगा। 19 दिसंबर को मतगणना जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट परिसर के जन सुविधा केंद्र पर की जाएगी। ईवीएम मशीनों को मतदान के बाद सुरक्षा निगरानी में रख दिया गया है।

**ईवीएम मशीनों को मतदान के बाद सुरक्षा निगरानी में रख गया**

### महिलाओं से ज्यादा पुरुषों में दिखा वोटिंग का जोश



करंट क्राइम । वार्ड-19 पटेल नगर-मुकुंद नगर में जहां 2188 पुरुष और 1861 महिलाओं ने मतदान किया है। तो वहीं वार्ड-21 भोवापुर में 1981 पुरुष और 1543 महिलाओं ने मताधिकार का प्रयोग किया है। पुरुषों ने महिलाओं से अधिक बढ़-चढ़कर वोटिंग में दिलचस्पी दिखाई है। दोनों ही वार्ड में महिलाओं से ज्यादा पुरुष वोटर्स की संख्या दर्ज की गई है।

### सुबह तेज तो दिन में धीमा रहा मतदान



करंट क्राइम । पटेल नगर-मुकुंद नगर वार्ड-19 में सुबह जहां मतदान तेज रहा। तो दिन में धीमा रहा, वहीं दोपहर बाद फिर मतदाताओं को नेताओं और पदाधिकारियों ने घर से निकालने का काम किया। तो शाम को मतदान का प्रतिशत फिर बढ़ गया। वहीं ऐसा ही नजारा भोवापुर कौशांबी के वार्ड-21 में भी देखने को मिला है।

### कांग्रेस और भाजपा के बस्तों पर दिखी भीड़




करंट क्राइम । मंगलवार को नगर निगम के दो वार्डो में उपचुनाव रहा। तो उपचुनाव को लेकर वार्ड नंबर-19 पटेल नगर-मुकुंद नगर में जहां कुल चार प्रत्याशी मैदान में थे। जिसमें कांग्रेस से रेखा मकवाना, भाजपा से रंजीत कल्याणी, असपा से प्रियंका हांडा, निर्दलीय के रूप में राजकुमारी मैदान में थी। तो वहीं वार्ड-21 से भोवापुर में कांग्रेस से ओमप्रकाश, भाजपा से बिन्नू राम गौतम और निर्दलीय के रूप में रीमा गौतम चुनाव मैदान में थी। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बस्तों पर भीड़ देखने को मिली।

### मेयर से लेकर पार्षद और संगठन वाले रहे मैदान में



करंट क्राइम । मंगलवार को नगर निगम के वार्ड-19 और वार्ड-21 में उपचुनाव रहा। उपचुनाव को लेकर महापौर सुनीता दयाल, भाजपा नेता राजेंद्र मित्तल मेहंदी वाले, महामंत्री गोपाल अग्रवाल, भाजपा नेता अशोक मोगा, पूर्व पार्षद प्रदीप चौहान, पार्षद शीतल चौधरी, भाजपा नेता राजेंद्र तितौरिया, वरिष्ठ भाजपा नेता पवन गोयल, प्रदीप चौधरी, अश्वनी शर्मा, करण शर्मा तो वहीं वार्ड-21 में युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा, मंडल अध्यक्ष बृज विहार सुधीर त्यागी, पार्षद विनय चौधरी, उपाध्यक्ष युवा मोर्चा आशीष चौधरी, पूर्व पार्षद अतर सिंह सहित अन्य भाजपा नेताओं ने मतदान केंद्रों और बूथों पर काम किया।

### मतदान क्षेत्र पर तैनात रहा पुलिस बल



करंट क्राइम । वार्ड- 19 पटेल नगर-मुकुंद नगर में अलग-अलग मतदान केंद्रों पर मतदान हुआ। मतदान को लेकर सुबह से ही पुलिस की टीमें और चुनाव संपन्न कराने के लिए कर्मचारियों की तैनाती थी। इसके साथ ही सिहानी गेट थाना प्रभारी सचिन कुमार पुलिस बल और अपने चौकी प्रभारियों के साथ सभी बूथों की सुरक्षा संभालने में लग रहे। वही कौशांबी में कौशांबी थानाध्यक्ष संदीप कुमार ने पुलिस बल के साथ सुरक्षा की कमान संभाली।





रंजीता कल्याणी, भाजपा


रेखा मकवाना, कांग्रेस


प्रियंका हांडा, असपा


राजकुमारी, निर्दलीय


बिन्नू राम, भाजपा

### बुजुर्गों ने भी उत्साह के साथ किया मतदान





करंट क्राइम । भले यह नगर निगम का उपचुनाव था लेकिन मतदान को लेकर लोगों में उत्साह था। मोहल्ले का चुनाव होने की वजह से पार्षद प्रत्याशी लोगों को मतदान केंद्रों तक ई-रिक्शा की मदद से भेजने की व्यवस्था में भी लग रहे। इस दौरान बुजुर्गों में भी मतदान के प्रति रुझान देखने को मिला। वार्ड- 19 पटेल नगर-मुकुंद नगर में मतदान करने के लिए 85 साल की ओमवती पहुंची थीं। तो वहीं 65 साल की सोमवती भी मताधिकार करने में पीछे नहीं थी। इसके साथ ही 73 साल के बलराज ने भी मताधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी आस्था प्रकट की।

### नहीं नजर आया चुनावी सख्ती वाला माहौल




करंट क्राइम । नगर निगम के दो वार्डो में मंगलवार को चुनाव हुआ। इस दौरान पुलिस बल भी मतदान केंद्रों पर तैनात था लेकिन मतदान केंद्रों के आसपास किसी प्रकार की सख्ती वाला माहौल देखने को नहीं मिला। जनजीवन सामान्य चल रहा था। ट्रैफिक से लेकर आसपास की दुकानें और लोगों की भीड़ भी अलग-अलग स्थानों पर नजर आ रही थी। कुल मिलाकर चुनाव शांतिपूर्वक और बिना किसी व्यवधान के संपन्न हुआ।

### सात प्रत्याशियों की जीत-हार का फैसला ईवीएम में कैद




करंट क्राइम । नगर निगम के उपचुनाव दो वार्डो में हुए। इसमें वार्ड-19 पटेल नगर-मुकुंद नगर और वार्ड-21 भोवापुर शामिल रहा। वार्ड-19 में जहां कांग्रेस,भाजपा, असपा और निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में थे। उनके लिए मंगलवार को वोट पड़े हैं, तो वहीं वार्ड-21 में कांग्रेस, बीजेपी और निर्दलीय ने ताल ठोकी है। अब कुल 7 प्रत्याशियों की किस्मत और जीत-हार की चाबी ईवीएम मशीन में कैद हो गई है। ईवीएम मशीनें 19 दिसंबर को खोली जाएगी और उसी दिन मतगणना होने के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे ।

### वार्ड-21 में भी हुआ मतदान




करंट क्राइम । नगर निगम वार्ड-21 की एक रिक्त सीट के लिए मंगलवार को मतदान हुआ है। मतदान वार्ड-21 के लिए भोवापुर में उपचुनाव के दौरान कौशांबी कान्वेंट पब्लिक स्कूल, प्राथमिक स्कूल, रेन बसेरा, मॉडर्न पीएससी स्कूल में मतदान करने के लिए मतदाताओं की लाइनें लगी रहीं। वहीं भोवापुर प्राथमिक स्कूल के बूथ नंबर 263 ,264, 265, 267, 277 पर लोगों की मतदान के लिए भीड़ नजर आई। वहीं कौशांबी कान्वेंट पब्लिक स्कूल में बूथ नंबर 271, 272, 273 पर मतदाता वोट करते नजर आए। यहां महिलाओं की भागीदारी अधिक दिखाई दी। वहीं मॉडर्न पब्लिक स्कूल में बूथ नंबर 268 और 269 पर लोगों की संख्या मतदान के लिए कम नजर आई।

### दोनों वार्डों में प्रत्याशियों और दल का ब्यौरा

**वार्ड संख्या - 19**

| प्रत्याशी का नाम | दल |
|---|---|
| रेखा मकवाना | कांग्रेस |
| रंजीता कल्याणी | भाजपा |
| प्रियंका हांडा | असपा |
| राजकुमारी | निर्दलीय |

**वार्ड संख्या - 21**

| प्रत्याशी का नाम | दल |
|---|---|
| ओमप्रकाश | कांग्रेस |
| बिन्नू राम | भाजपा |
| रीमा गौतम | निर्दलीय |

# योगी सरकार ने सदन में प्रस्तुत किया 17,865 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट

## मूल बजट का 2.42 प्रतिशत है अनुपूरक बजट, इस वित्तीय वर्ष में दूसरी बार प्रस्तुत किया गया अनुपूरक बजट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बाधारहित विकास को अनवरत जारी रखने के लिए योगी सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अपना द्वितीय अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया। 17,865.72 करोड़ रुपए के इस अनुपूरक बजट में 790.49 करोड़ रुपए के नए प्रस्ताव सम्मिलित किए गए हैं। यह योगी सरकार का इस वित्तीय वर्ष का द्वितीय अनुपूरक बजट है, जो मूल बजट (7 लाख 36 हजार 437.71 करोड़ रुपए) का 2.42 प्रतिशत है। इससे पूर्व योगी सरकार 12,209.93 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट भी प्रस्तुत कर चुकी है। दोनों अनुपूरक बजट को मिलाकर योगी सरकार का वित्तीय वर्ष 2024-25 का कुल बजट अब 7 लाख 66 हजार 513.36 करोड़ रुपए का हो गया है।

- उत्तर प्रदेश में बाधारहित विकास को अनवरत जारी रखने के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 का दूसरा अनुपूरक बजट प्रस्तुत
- 17,865.72 करोड़ रुपए के द्वितीय अनुपूरक बजट में 790.49 करोड़ रुपए के नए प्रस्ताव किए गए हैं सम्मिलित
- मूल बजट के साथ दोनों अनुपूरक बजट मिलाकर वित्तीय वर्ष 2024-25 में 7,66,513.36 करोड़ रुपए पहुंचा कुल बजट
- अनुपूरक बजट में ऊर्जा विभाग को 8587 करोड़ रुपए तो वित्त विभाग को 2438 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित



### 30 जुलाई को प्रस्तुत किया गया था पहला अनुपूरक बजट

योगी सरकार ने इसी वर्ष फरवरी महीने में मूल बजट किया था, जो 7.36 लाख करोड़ रुपए से अधिक का था। इसके बाद योगी सरकार ने 30 जुलाई को 12,209.93 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया था। इसके 5 माह के बाद एक बार फिर योगी सरकार विकास कार्यों को गति देने के लिए आवश्यकता के अनुरूप द्वितीय अनुपूरक बजट लेकर आई है। इस बजट को मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित हुई कैबिनेट की बैठक में सर्वसम्मति से स्वीकृत कर लिया गया।

### केंद्रीय योजनाओं के साथ ही आकस्मिक खर्चों का भी प्रस्ताव शामिल

योगी सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में विधानसभा में द्वितीय अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि द्वितीय अनुपूरक बजट का आकार 17,865.72 करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा कि यह सरकार विकास को प्राथमिकता देने वाली सरकार है और जब भी आवश्यकता होती है तब संवैधानिक तरीके से सदन के माध्यम से अनुपूरक बजट लाने का अधिकार है। उन्होंने बताया कि अनुपूरक बजट में 790.49 करोड़ रुपए के नए प्रस्ताव सम्मिलित किए गए हैं। साथ ही इसमें केंद्रीय योजनाओं में 422.56 करोड़ रुपए के केंद्रांश की राशि भी अनुमानित है। इसके अतिरिक्त, कंटिजेंसी से जो 30 करोड़ 48 लाख रुपए का पैसा लिया गया था, उसकी भी प्रतिपूर्ति का भी प्रस्ताव इसमें शामिल है।

### विभिन्न विभागों की आवश्यकताओं की होगी पूर्ति

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अनुपूरक बजट में विभिन्न विभागों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप बजट जारी किया जाएगा। इसमें ऊर्जा विभाग को 8587.27 करोड़ रुपए, वित्त विभाग को 2438.63 करोड़ रुपए, परिवार कल्याण विभाग को 1592.28 करोड़ रुपए, पशुधन विभाग के लिए 1001 करोड़ रुपए, लोकनिर्माण विभाग के लिए 805 करोड़ रुपए, प्राथमिक शिक्षा विभाग के लिए 515 करोड़ रुपए, सूचना विभाग के लिए 505 करोड़ रुपए, पंचायती राज विभाग के लिए 454.01 करोड़ रुपए और चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग के लिए 354.54 करोड़ रुपए का बजट प्राविधानित किया गया है।

### इसलिए प्रस्तुत किया जाता है अनुपूरक बजट

अनुपूरक बजट एक ऐसा वित्तीय दस्तावेज है जिसे सरकार किसी वित्तीय वर्ष के दौरान तब प्रस्तुत करती है. जब उसे अपने पहले से स्वीकृत बजट में अतिरिक्त खर्च की आवश्यकता होती है। यह बजट उन खर्चों को कवर करने के लिए प्रस्तुत किया जाता है, जिनको अनुमानित बजट में शामिल नहीं किया गया था, या जो नई परिस्थितियों के कारण आवश्यक हो गए हैं। यह बजट वित्त वर्ष के बीच में किसी विभाग या मंत्रालय की किसी योजना में अतिरिक्त राशि खर्च करने के लिए लाया जाता है। यह खर्च के अनुमान के साथ पेश किया जाता है।

# प्रधानमंत्री मोदी का राजस्थान दौरा, प्रदेश को देंगे 46, 300 करोड़ रुपये की सौगात

**जयपुर।** राजस्थान सरकार के एक साल पूरा होने के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को राजस्थान दौरे पर रहेंगे। पीएम मोदी करीब 3 घंटे तक जयपुर में रहेंगे। इस दौरान वह वाटिका रोड पर आयोजित एक वर्ष-परिणाम उत्कर्ष कार्यक्रम में शामिल होंगे और वहां से बिजली, पानी, सड़क, रेलवे से जुड़ी 46300 करोड़ रुपये से अधिक की 24 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा पीएम मोदी पार्वती-कालीसिंध-चंबल पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना का उद्घाटन भी करेंगे। 11 नदियों को इस परियोजना के तहत जोड़ा जाएगा, इससे प्रदेश के 21 जिलों में पानी की समस्या खत्म हो जाएगी। पीकेसी-ईआरसीपी में चंबल और इसकी सहायक नदियां पार्वती, कालीसिंध, कुनो, बनास, बाणगंगा, रूपरेल, गंभीरी और मेज शामिल हैं। नवनेरा बैराज से पानी गलवा बांध तक लाया जाएगा। यहां दो हिस्सों में ईसरदा बांध और बीसलपुर बांध तक पानी पहुंचेगा।

नवनेरा से चंबल नदी पर जल सेतु बनाकर पानी मेज नदी तक आएगा। इससे राजस्थान की 2.80 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई करने के लिए पानी



मिलेगा। पहले प्रदेश की सिर्फ 80 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होती थी। लेकिन, अब 2 लाख नया क्षेत्र जोड़ा जाएगा और इसका लाभ 25 लाख किसान परिवारों को होगा। इससे प्रदेश की 40 फीसदी आबादी तक साफ पानी पहुंचेगा। पीकेसी-ईआरसीपी से राजस्थान के झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, करौली, धौलपुर, भरतपुर, डीग, दौसा, अलवर, खैरथल-तिजारा, जयपुर, जयपुर ग्रामीण, कोटपूतली-बहरोड़, अजमेर, ब्यावर, केकड़ी, टोंक, दूदू जिले की जनता को पीने के पानी की समस्या से छुटकारा मिलेगा। यहां से पंपिंग कर पहले बने गलवा बांध तक जाएगा, गलवा से 31 किलोमीटर दूर ईसरदा तक पानी पहुंचेगा। अपने इस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी दो बैराज का भी शिलान्यास करेंगे। बता दें कि कूल नदी पर रामगढ़ बैराज और पार्वती नदी पर महलपुर बैराज का निर्माण होगा।

जयपुर रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट कर लिखा, 'विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए विकसित राजस्थान भी जरूरी है। इसी कड़ी में आज दोपहर 12 बजे जयपुर में राज्य सरकार के ह्यएक वर्ष-परिणाम उत्कर्षह्न कार्यक्रम का हिस्सा बनूंगा, इसमें रेल-सड़क सहित कई परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास का भी सौभाग्य मिलेगा।'

# संसद में बोले कृषि मंत्री: किसानों की आमदनी तेजी से बढ़ रही, इसे दोगुनी करने की कोशिश'

नई दिल्ली। कृषि मंत्री ने कहा कि एनएसएस रिपोर्ट के अनुसार 2002-03 में किसानों की आय 2,015 रुपये प्रति माह थी जो 2018-19 में बढ़कर 10,218 रुपये प्रति माह हो गई। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को संसद में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए अनेक प्रयास कर रही है और वह इस काम में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। किसानों को खाद पर मिलने वाली सब्सिडी में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और उन्हें कम ब्याज पर कर्ज मिलेगा।

### किसानों की आय बढ़ाने के लगातार हो रहे प्रयास

कृषि मंत्री ने शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा में समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद आनंद भदौरिया के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि एनएसएस रिपोर्ट के अनुसार 2002-03 में किसानों की आय 2,015 रुपये प्रति माह थी जो 2018-19 में बढ़कर 10,218 रुपये प्रति माह हो गई। उन्होंने सदन को बताया कि 2019 के बाद अभी यह सर्वे नहीं हुआ



है और अब अगले वर्ष किया जाएगा। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और हमे विश्वास है कि 2019 के बाद किसानों की आय तेजी से बढ़ी है।

### सब्सिडी में नहीं की जाएगी कमी

चौहान ने कहा कि किसानों का उत्पादन बढ़ाने, उत्पादन की लागत कम करने, उत्पादन के ठीक दाम देने, प्राकृतिक आपदा में नुकसान की भरपाई करने, कृषि विविधीकरण और जैविक तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के छह सूत्री कार्यक्रम के साथ सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद पर मिलने वाली सब्सिडी में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और उन्हें कम ब्याज पर कर्ज मिलेगा। चौहान ने दावा किया कि सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर रिकॉर्ड खरीद की है। अकेले दलहन की फसल की बात करें तो पिछली सप्रंग सरकार के समय केवल छह लाख मीट्रिक टन की खरीद हुई थी, लेकिन हमारी सरकार ने एक करोड़ मीट्रिक टन से अधिक दलहन खरीद की है।

# कांग्रेस नेता फिलिस्तीन बैग लेकर घूम रही, हम यूपी के नौजवानों को इजरायल भेज रहे : सीएम योगी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के संसद में फिलिस्तीन हैंडबैग लेकर पहुंचने पर तंज कसा। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस की नेता फिलिस्तीन बैग लेकर घूम रही हैं, जबकि हम यूपी के नौजवानों को इजरायल भेज रहे हैं। सीएम योगी ने विधानसभा में प्रियंका गांधी का बिना नाम लिए कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस की एक नेता संसद में फिलिस्तीन का बैग लेकर घूम रही थी, जबकि हम यूपी के नौजवानों को इजरायल भेज रहे हैं, यूपी के अब तक लगभग 5,600 से अधिक युवा निर्माण कार्य के लिए इजरायल गए हैं। जहां उन्हें रहने-खाने की फ्री व्यवस्था और डेढ़ लाख महीने की तनख्वाह मिल रही है। साथ ही पूरी सुरक्षा की गारंटी भी है। अभी इजरायल के राजदूत आए थे। उन्होंने कहा कि यूपी के और नौजवानों को हम इजरायल ले जाएंगे, क्योंकि यूपी के नौजवान बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। उसके स्किल की ताकत आज पूरी दुनिया मान रही है। वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा संसद के शीतकालीन के दौरान एक बैग लेकर पहुंची थी, जिसमें 'फिलिस्तीन' लिखा हुआ था। इस बैग पर शांति का प्रतीक सफेद कबूतर और तरबूज भी बना हुआ था। इस बैग के जरिए प्रियंका गांधी ने सीधा मैसेज दिया है कि वह फिलिस्तीन के सपोर्ट में खड़ी हैं। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब प्रियंका गांधी वाड्रा ने फिलिस्तीन का समर्थन किया हो। इससे पहले वह फिलिस्तीन के पक्ष में कई बार आवाज उठा चुकी हैं। इतना ही नहीं प्रियंका गांधी वाड्रा ने भारत सरकार से फिलिस्तीन के साथ खड़े होने की वकालत भी की थी।

योगी सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अपना द्वितीय अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया। 17,865.72 करोड़ रुपए के इस अनुपूरक बजट में 790.49 करोड़ रुपए के नए प्रस्ताव सम्मिलित किए गए हैं। यह योगी सरकार का इस वित्तीय वर्ष का द्वितीय अनुपूरक बजट है, जो मूल बजट (7 लाख 36 हजार 437.71 करोड़ रुपए) का 2.42 प्रतिशत है।

इससे पूर्व योगी सरकार 12,209.93 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट भी प्रस्तुत कर चुकी है। दोनों अनुपूरक बजट को मिलाकर योगी सरकार का वित्तीय वर्ष 2024-25 का कुल बजट अब 7 लाख 66 हजार 513.36 करोड़ रुपए का हो गया है।

# सपा सांसद के घर पहुंची पुलिस: कड़ी सुरक्षा के बीच आवास पर लगा बिजली मीटर, पीएसी और आरएएफ की गश्त जारी

**संभल।** सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के घर पर भारी फोर्स के बीच बिजली विभाग ने स्मार्ट मीटर लगाया। इससे पहले डीएम-एसपी के नेतृत्व में अभियान के दौरान 49 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी गई। इसमें 1.30 करोड़ रुपये जुमार्ना लगाया गया। सपा के संभल सांसद जियाउर्रहमान बर्क के आवास पर मंगलवार को स्मार्ट मीटर लगाने के लिए फोर्स के साथ अधिकारी पहुंचे।

एएसपी ने बताया कि एहतियाती तौर पर फोर्स को लगाया गया है। पुराना मीटर हटा कर स्मार्ट मीटर लगाया गया है। शहर एसडीओ संतोष त्रिपाठी ने बताया कि केबल खींचने और स्मार्ट मीटर लगाए जाने का काम दीपासराय में किया जा रहा है। इसी क्रम में सांसद के आवास पर मीटर बदला गया है। सांसद के आवास पर लगे मीटर में कोई गड़बड़ी नहीं पकड़ी गई है। आसपास के घरों में भी स्मार्ट मीटर



लगाए गए हैं। एसडीओ ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने से बिजली चोरी के मामले आसानी से पकड़े जा सकेंगे। कोई छेड़छाड़ नहीं की जा सकेगी। बताया कि 100 से ज्यादा घरों में स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं। केबल भी खींची गई है। मालूम हो 24 नवंबर को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल में सांसद नामजद आरोपी बनाए गए हैं। भीड़ को भड़काऊ भाषण देने का आरोप है। इस कार्रवाई के बाद से लगातार पुलिस प्रशासन का शिकंजा सांसद पर कसता जा रहा है। इससे पहले डीएम और एसपी के नेतृत्व में शनिवार को बिजली विभाग की टीम ने नखासा तिराहा, खग्गू सराय, रायसत्ती रोड और दीपा सराय में 49 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी। इसमें चार मस्जिद और एक मदरसा भी शामिल है। बिजली विभाग ने 1.30 करोड़ रुपये की जुमार्ना रिपोर्ट बनाई है। जो बिजली चोरी के आरोपियों से वसूली की जाएगी। डीएम ने बताया कि संभल शहर में सबसे ज्यादा लाइनलॉस इन्हीं इलाकों में होता है। हर महीने करोड़ों रुपये की बिजली चोरी की जाती है। इसलिए यह कार्रवाई सुबह की गई थी।

# सौर कौथिग मेला शुरू...सीएम धामी ने किया शुभारंभ सोलर वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**सीएम ने कहा कि हमने प्रदेश में नई सौर ऊर्जा नीति बनाई है।**

- 100 करोड़ की लागत से राज्य के सभी सरकारी भवनों पर सोलर प्रोजेक्ट लगा रहे हैं।
- रूफटॉप सोलर पर 70% की सब्सिडी दी जा रही है
- घरेलू व गैर घरेलू उपभोक्ताओं को 30 से 50% का अनुदान सोलर वाटर हीटर पर दिया जा रहा है।
- 2026 तक 250 मेगावाट की क्षमता वाले सोलर प्लांट की स्थापना का लक्ष्य रखा है।
- हमने आवासीय प्रोजेक्ट के लिए 350 नए वेंडर को सूचीबद्ध किया है।
- सौर ऊर्जा के लक्ष्य हमारे लिए बड़ा गेम चेंजर साबित होगा।

**देहरादून।** प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए पहली बार सौर कौथिग (ऊर्जा मेला) का आयोजन किया गया। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सौर कौथिग का शुभारंभ किया। सीएम धामी ने सोलर वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 100 दिन तक पहाड़ के कोने-कोने तक वैन पहुंचेगी। जो लोगों को सौर ऊर्जा परियोजना व इसमें मिलने वाली सब्सिडी की जानकारी देगी। मौके पर वित्त एवं शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, पद्मभूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी, विधायक खजान दास, सीएम के सलाहकार विश्वास डाबर भी मौजूद रहे। मेले में देश-प्रदेश के करीब 50 सोलर प्रोजेक्ट पर काम करने वाली कंपनियों ने स्टॉल लगाए है। सौर कौथिग में उपभोक्ता सभी जानकारियां ले सकेंगे। सचिव ऊर्जा आर मीनाक्षी सुंदरम ने कहा कि सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए केंद्र व राज्य के स्तर से कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। हाल ही में पीएम सूर्यघर योजना शुरू हुई थी। अपने घर के ऊपर खुद बिजली पैदा करो और यूज करो। उत्तराखंड में अब तक 28,000 आवेदन आ चुके हैं। 11,000 संयंत्र लग चुके हैं। 37 मेगावाट उत्पादन शुरू हो चुका है। वहीं, 2027 तक 2000 मेगावाट उत्पादन का लक्ष्य है। साथ में उद्योगों को भी नेट मीटर की सुविधा दे रहे हैं।

# मेरठ में बड़े उद्योगपति व भाजपा नेताओं के घर आयकर विभाग का छापा, समर्थकों का हंगामा

**मेरठ।** मेरठ में बड़े उद्योगपति और भाजपा नेताओं के घर आयकर टीम ने छापेमारी की है। कई गाड़ियों में सवार होकर टीम ने टीपीनगर थानाक्षेत्र में पहुंचकर कार्रवाई शुरू कराई। मेरठ में बड़े उद्योगपति और भाजपा नेताओं के घर आयकर टीम ने छापेमारी की है। टीपीनगर थानाक्षेत्र में सुबह-सुबह मेरठ आयकर विभाग की टीम विश्वकर्मा बिल्डर्स के यहां पहुंची है। तीन साझेदारों के यहां कार्रवाई टीम ने विश्वकर्मा बिल्डर्स के तीनों पार्टनर कमल ठाकुर, प्रदीप गुप्ता उर्फ पिंकी और संजय जैन के यहां छापा मारा गया है। टीम अभी कार्रवाई में जुटी है। वहीं आयकर विभाग की छापेमारी से शहर भर में हड़कंप मच गया है।

### कमल ठाकुर ने यूपी का पहला प्राइवेट इंडस्ट्रियल एस्टेट बनाया

कमल ठाकुर ने न्यू शंभू नगर



कॉलोनी और उत्तर प्रदेश का पहला प्राइवेट इंडस्ट्रियल एस्टेट विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एस्टेट का निर्माण किया। अब इंडस्ट्रियल एस्टेट का विस्तार कार्य भी किया जा रहा है। आयकर की टीम ने मेरठ मॉल, न्यू शंभू नगर सहित तीन अन्य ठिकानों पर जांच शुरू कर दी है। टीम में मेरठ के अधिकारियों के अलावा गाजियाबाद नोएडा के अधिकारी भी शामिल है।

### हंगामा करने में जुटे समर्थक, घर में कूदने का भी किया प्रयास

आयकर विभाग की छापेमारी की खबर सुनते ही भाजपा समर्थक बिल्डर के मकान पर पहुंच गए। टीपी नगर थाना क्षेत्र के न्यू शंभू नगर में इनकम टैक्स की कार्रवाई के दौरान मकान के बाहर हंगामा कर दिया और कुछ समर्थकों ने कूदकर मकान के भीतर जाने का प्रयास भी किया। बता दें कि कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी पुलिस फोर्स तैनात है।

### छापेमारी की खबर सुनते ही पहुंचे समर्थक

इनकम टैक्स की टीम कई गाड़ियों में सवार होकर यहां पहुंची है। यहां भाजपा नेता के आलीशान मकान में कार्रवाई जारी है। वहीं भाजपा नेता के समर्थक बाहर हंगाम करने में लगे हैं। उन्होंनें बाहर तैनात फोर्स से कहा कि किसी अधिकारी को बुला दें हमें बात करनी है। हालांकि किसी को भी अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। कमलानगर में संजय जैन के यहां भी आयकर विभाग की टीम ने छापेमारी की है। यहां संजय जैन का आवास है जहां टीम पहुंची है। वहीं रेड की जानकारी लगने पर समर्थक उनके आवास पर पहुंच गए और फोर्स से बातचीत की।

# भीषण सड़क हादसा, दो ट्रकों की टक्कर से लगी आग, दोनों चालक जिंदा जले, मौत

**राजस्थान।** हादसा सुबह करीब 5 बजे हुआ, जिसमें एक ट्रक ईंटों से भरा हुआ बीकानेर से नागौर की ओर और दूसरा कंटेनर सूखी मिर्च लेकर नागौर से बीकानेर जा रहा था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों में आग लग गई और चालक केबिन में फंस गए। नागौर के सदर थाना इलाके के बारानी गांव में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में दो ट्रक चालक जिंद जल गए। यहां सुबह दो ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर के बाद आग लग गई। टक्कर के बाद चालक ट्रक में ही फंस गए और बाहर नहीं निकल पाए। हादसे में ट्रक सवार दोनों चालक जिंदा जल गए। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस, फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की सहायता से आग पर काबू पाया गया। आग पर काबू पाने के बाद कड़ी मशक्कत के बाद जिंदा जले ड्राइवरों को बाहर निकलवाकर दोनों के शवों को नागौर के राजकीय पंडित जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया गया। वहीं, पुलिस ने दोनों के



परिजनों को सूचना दी। नागौर के सदर थाना इलाके के बारानी गांव में सुबह एक ट्रक और कंटेनर के बीच जोर दार भीषण सड़क हादसा हुआ है। हादसा इतना भीषण हुआ कि दोनों में आग लग गई। दोनों ट्रकों के केबिनों में ड्राईवर फंस गए। फंसे हुए ड्राइवर बाहर नहीं निकल पाए और आग की भेंट चढ़ गए। जैसे ही हंसे कि सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस और नागौर की फायर ब्रिगेड की मौके पर पहुंची। जब तक दोनों केबिनों पर आग पर काबू पाया गया। तब तक दोनों चालकों मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने दोनों के शवों को बाहर निकलवाकर नागौर के राजकीय चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

 ● नई दिल्ली। बुधवार 18 दिसंबर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

## लोकसभा में पेश किया गया 'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल

**नई दिल्ली।** देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाने से जुड़ा बिल मंगलवार को संसद के निचले सदन यानी लोकसभा में पेश कर दिया गया। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 और उससे जुड़े 'संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2024' को सदन में पेश होने के लिए रखा। बाद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में कहा कि इस बिल को व्यापक विचार-विमर्श के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजा जाएगा। लेकिन विपक्षी पार्टियों ने इस विधेयक को पेश किए जाने का पुरजोर विरोध किया. लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने तर्क दिया कि इन दोनों विधेयकों से चुनाव आयोग को संविधान से इतर शक्तियां मिल जाएंगी।



# गाजियाबाद के पॉलिटिकल डैड क्यों नहीं कर रहे अपने पुत्रों को राजनीति में टैग



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद की सियासत में विरासत का कई बार जिक्र चलता है। यहां कुछ को विरासत में सियासत मिली जरूर है लेकिन उन्होंने उसके आगे की जमीन खुद तैयार की है। कई चेहरे ऐसे हैं जिन्होंने अपने परिवार के किसी भी सदस्य को राजनीति में कोई विरासत सौंपी ही नहीं है। अगर यहां सियासत में विरासत की बात करें तो भाजपा में कम से कम ऐसा है कि यहां जो सियासी परिवार से आये भी हैं उन्होंने अपनी राजनीतिक जमीन खुद तैयार की है। उन्हें विरासत में सियासत मिली है लेकिन संघर्ष के बाद ही पहचान मिली है। यहां कई नेता ऐसे हैं जिन्होंने अपने परिवार के किसी सदस्य को राजनीति में प्रमोट नहीं किया है। जनप्रतिनिधियों से लेकर उन सब बड़े चेहरों की बात हो रही है जो सियासत में एक पहचान रखते हैं।

### संगठन से सदन तक पहुंचे नरेन्द्र कश्यप के पुत्रों ने भी रखा है खुद को राजनीति से दूर



करंट क्राइम। विरासत और सियासत की बात करें तो यहां राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप भी ऐसे नेता हैं जिन्होंने राज्यसभा, विधानपरिषद, संगठन में बड़े दायित्व और सरकार में मंत्रलाय संभाल रहे हैं। उनके पुत्र डॉ. सागर कश्यप और सिद्धार्थ कश्यप हैं। ये दोनों पुत्र भी राजनीति के कोलाहल से दूर हैं। कोई बड़ा कार्यक्रम हो तब अपनी भूमिका निभाते हैं, लेकिन अन्य किसी भी सियासी मामले में इनके दर्शन भी नहीं होते और शायद पिता की ओर से अनुमति भी नहीं है।

### सांसद अतुल गर्ग के पुत्र नहीं रखते हैं राजनीति से वास्ता



करंट क्राइम। गाजियाबाद की राजनीति की बात करें तो सियासत में विरासत की की बात करें तो यहां लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का नाम आता है। अतुल गर्ग के पिता स्व. डीसी गर्ग गाजियाबाद के सबसे पहले मेयर रहे। वो दो बार मेयर रहे, लेकिन जब तक डीसी गर्ग सक्रिय राजनीति में रहे तब तक अतुल गर्ग सक्रिय राजनीति से दूर रहे और जब अतुल गर्ग राजनीति में आए तो यहां उन्होंने अपनी जमीन खुद तैयार की। वो अपना पहला चुनाव हार गए और फिर दो चुनाव लगातार जीते। वो सरकार में मंत्री रहे और विधायक रहते हुए ही वो लोकसभा का चुनाव जीते। उनके भी पुत्र राघव और मनु राजनीति से दूर हैं। वो अपना कारोबार संभालते हैं, लेकिन राजनीति से खुद को दूर रखते हैं।

### विरासत में संघ और माता रहीं मेयर मगर मयंक गोयल का है अपना संघर्ष



करंट क्राइम। सियासत में विरासत की बात करें तो मयंक गोयल ऐसे नेता हैं जिन्हें विरासत में बहुत कुछ मिला है। उनकी माता स्व. दमयंती गोयल गाजियाबाद की पहली मेयर रही हैं। उनका पूरा परिवार संघ से जुड़ा है, लेकिन इसके बावजूद मयंक गोयल अपनी सियासत जमीन खुद तैयार कर रहे हैं। वो लगातार मेहनत करते हैं, राजनीति में सक्रिय रहते हैं और ऐसा नहीं है कि उन्हें डायरेक्ट विरासत से कुछ मिला है। उनके संघर्ष का और उनकी कर्मयात्रा का एक पूरा ट्रैक रिकॉर्ड है।

### एमएलसी दिनेश गोयल के पुत्र को नहीं है राजनीति में रुचि



करंट क्राइम। राजनीति में विरासत की बात करें तो एमएलसी दिनेश गोयल के पुत्र भी राजनीति से दूर हैं। वो भी राजनीतिक मामलों से खुद को दूर रखते हैं। दिनेश गोयल रिकार्ड वोटों के साथ जीते एमएलसी हैं। लेकिन उनके पुत्र राजनीति से दूर हैं। वो समाजिक सरोकारों से जुड़ कर चलते हैं। समाज में परोपकार के कामों से जुड़ कर चलते हैं। लेकिन वो राजनीति में कोई रूचि नहीं रखते हैं।

### पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल के पुत्र अंजुल अग्रवाल का ध्यान व्यवसाय पर



करंट क्राइम। पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल के बेटे अंजुल अग्रवाल हैं, वो खेल गतिविधियों में रूचि लेते हैं। कॉलेज प्रशासन का पूरा काम संभालते हैं, लेकिन पॉलिटिक्स से वो भी दूर रहते हैं। अंजुल अग्रवाल समाजिक गतिविधियों में एक्टिव रहते हैं। वो व्यवहार कुशल भी हैं और खेल गतिविधियों से भी जुड़े हैं। राजनीतिक जानकारी रखते हैं लेकिन फिलहाल अंजुल अग्रवाल का ध्यान अपने व्यवसाय पर है।

### मेयर सुनीता दयाल ने रखा है अपने परिवार को राजनीति से दूर



करंट क्राइम। मेयर सुनीता दयाल ने भी राजनीति का साया अपने परिवार पर नहीं पड़ने दिया है। उनकी बेटी का विवाह हो चुका और अब सुनीता दयाल नानी भी बन चुकी है, लेकिन बेटी को कभी राजनीति में प्रमोट नहीं किया। यहां तक कि बीते दिनों जब उनके पति के नाम का जिक्र हुआ था तो सुनीता दयाल ने आगे आकर दृढता से इनकार किया था। उन्होंने चुनौती भी दी थी कि उनके परिवार का कोई सदस्य राजनीति में नहीं है।

### विरासत में मिली है सियासत लेकिन फिलहाल खुद पर ध्यान



करंट क्राइम। मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी को विरासत में एक शानदार सियासत मिली है। उनके पिता राजपाल त्यागी दो सरकारों में कैबिनेट मंत्री रहे हैं। खुद विधायक अजीत पाल त्यागी जिला पंचायत अध्यक्ष रहे हैं। विरासत में मिली सियासत को उन्होंने और अधिक बढ़ाया है। लेकिन फिलहाल अजीत पाल त्यागी के परिवार से अन्य कोई सदस्य सक्रिय राजनीति में नहीं है। उनका कोई बेटा राजनीति में रूचि फिलहाल नहीं रखता है।

### माता-पिता रहे हैं विधायक लेकिन पुत्रों ने रखा है खुद को राजनीति से दूर



करंट क्राइम। पूर्व विधायक प्रशात चौधरी स्वयं एमएलसी रहे हैं और उनकी पत्नी हेमलता चौधरी बागपत विधानसभा से विधायक रहीं हैं। एक्टिव राजनीति के चेहरे हैं लेकिन पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी और पूर्व विधायक हेमलता चौधरी के दोनों पुत्र राजनीति से दूर हैं। राजनीति की समझ है और जानकारी भी रखते हैं लेकिन खुद को सियासी मामलो से दूर रखते हैं। यहां पर खास बात ये भी है कि पूर्व विधायक पिता प्रशांत चौधरी और पूर्व विधायक माता हेमलता चौधरी ने भी अपने पुत्रों को राजनीति से दूर रखा है।

### बृजपाल तेवतिया के पुत्रों का भी नहीं है राजनीति से कोई नाता



करंट क्राइम। भाजपा नेता बृजपाल तेवतिया स्वयं चुनावी खिलाड़ी हैं। वो निगम पार्षद रहे हैं। वो विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। लेकिन यहां खास बात ये है कि उन्होंने अपने परिवार यानी पुत्रों को राजनीति से दूर रखा है। उनके भाई विकास तेवतिया जरूर मुरादनगर नगर पालिका परिषद के चेयरमैन रहे हैं। लेकिन बृजपाल तेवतिया के पुत्र राजनीति से खुद को दूर रखे हुए हैं।

### सामाजिक गतिविधियों में निभाते हैं पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी के पुत्र प्रशांत कौशिक सक्रिय भूमिका



करंट क्राइम। पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी के बेटे प्रशांत कौशित सामाजिक सरोकारों में आगे रहते हैं, लेकिन सियासी हलचल से उन्होंने खुद को थोड़ा दूर रखा हुआ है। प्रशांत कौशिक आज की युवा पीढ़ी का आदर्श चेहरा हैं। उन्हें भी अपने पिता की तरह विरासत में सियासत मिली है। अतुल गर्ग के बाद ये परिवार ऐसा है जहां पीढ़ियों को जनादेश मिला है। प्रशांत कौशिक के दादा पूर्व विधायक स्वर्गीय प्यारे लाल शर्मा को आज भी सबसे लोकप्रिय जनप्रतिनिधि माना जाता है। बेहद सरल और सौम्यता प्रशांत कौशिक को अपने परिवार से संस्कारों में मिली है। उनके दादा सियासी चेहरा रहे और विधायक रहे। उनके पिता पंडित सुरेन्द्र कुमार मुन्नी विधायक रहे हैं। विरासत में सियासत का एक खजाना समेटे हुए प्रशांत कौशिक खुद को एक सीमा रेखा में लेकर चलते हैं। वो राजनीतिक मुद्दों से अपडेट रहते हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि जनता के बीच रहते हैं लेकिन राजनीति में अभी उतने एक्टिव नहीं है। मगर समाजिक गतिविधियों में वो पूरी तरह से आगे रहते हैं। जिन मौकों पर उनके पिता मौजूद नहीं रहते हैं उन मौकों पर वो अपने परिवार से मिले संस्कारों की विरासत को बखूबी संभालते हैं। शिक्षित, युवा और सौम्य चेहरे के रूप में अपनी एक अलग पहचान रखते हैं। समाज के लोग उन्हें जानते हैं और ये चेहरा जब भी कभी सक्रिय राजनीति में कदम रखेगा तो यकीनन विरासत वाली सियासत का पूरा लाभ मिलेगा।

### कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के पुत्र भी आईटी सेक्टर में बना रहे हैं कैरियर



करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के पुत्र भी राजनीति से दूर हैं। उनके पुत्र आईटी सैक्टर में अपना कॅरियर बना रहे हैं और राजनीति से खुद को दूर रखते हैं। सुनील शर्मा को राजनीति का चाणक्य कहा जाता है। देश की सबसे बड़ी विधानसभा से वो दूसरी बार विधायक हैं। प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। लेकिन सियासत की बात करें तो परिवार का कोई सदस्य सक्रिय राजनीति में नहीं है।

## सोने को छत नहीं...तो निगम का रैन बसेरा है ना
# कोई सोता हुआ ना मिले सड़क किनारे...
## नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा बढ़ती ठंड को देखते हुए आश्रय स्थलों की व्यवस्था की है। सभी जोन में आश्रय स्थल का संचालन जोनल प्रभारियों की देखरेख में हो रहा है। वरिष्ठ अधिकारी गण लगातार मॉनीटरिंग कर रहे हैं। सड़क किनारे सो रहे निराश्रितों को, सड़कों से उठाकर पास के आश्रय स्थलों में पहुंचाया जा रहा है। निराश्रितों को ठंड से राहत मिल सके गाजियाबाद नगर निगम द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सार्वजनिक स्थलों पर रैन बसेरों के बोर्ड भी लगाए गए हैं, सभी आश्रय स्थलों पर अलाव की व्यवस्था भी निगम द्वारा की गई है। निराश्रितों को आश्रय स्थलों में पहुंचाने का कार्य कर रहा है निगम, निरीक्षण पर निकले जोनल प्रभारी रात्रि में नगर आयुक्त ने सभी जोनल प्रभारी को निरीक्षण करने के आदेश दिए। कोई भी बेसहारा सड़क किनारे ना सोया मिले सुनिश्चित करने के लिए कहा गया जिसमें पुराना बस अड्डा, वैशाली मेट्रो स्टेशन, मोहन नगर चौराहा, गाजियाबाद रेलवे स्टेशन, अस्पतालों के बाहर, मंदिरों मस्जिदों गुरुद्वारा व अन्य धार्मिक स्थलों के बाहर निरीक्षण किया गया वहां ठिठुरते निराश्रितों को नजदीकी आश्रय स्थलों में भी पहुंचाया गया। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव द्वारा बताया गया नगर आयुक्त के निर्देशानुसार सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था, ठंड से राहत के लिए कराई गई है। इसके अलावा कोई भी निराश्रित खुले में सड़कों की किनारे सोया हुआ ना मिले जोनल प्रभारी की ड्यूटी लगाई गई है। प्रतिदिन रात्रि भ्रमण अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है तथा निगम के वाहनों से खुले में सड़कों पर सोने वाले निराश्रितों को आश्रय स्थल तक पहुंचा जा रहा है। आश्रय स्थलों में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को भी कराया गया है जिससे निराश्रितों को आश्रय स्थल का सहारा मिल रहा है।

# ठंड व वायु प्रदूषण का फिर दिखा असर
## नर्सरी से लेकर पांचवीं तक की कक्षाएं चलेंगी ऑनलाइन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ठंडक बढ़ने लगी है। तो वहीं वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए, स्कूलों में हाइब्रिड लर्निंग (ऑनलाइन + ऑफलाइन) अनिवार्य कर दी गई है। दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद और गाजियाबाद के स्कूल अब नई गाइडलाइन्स के तहत काम करेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक गाजियाबाद ने आदेश जारी किया है कि जिसके तहत ठंड व वायु प्रदूषण का फिर असर हो रहा है। इसी के चलते बुधवार से नर्सरी से लेकर पांचवीं तक की कक्षाएं ऑनलाइन चलाने का आदेश कर दिया गया है। जिलाधिकारी के माध्यम से इस संदेश को निजी व सरकारी स्कूलों को भी भेज दिया गया है।

### कक्षा 5 तक के छात्रों के लिए हाइब्रिड मोड

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद से लेकर दिल्ली और नोएडा के स्कूलों के लिए नए नियम कक्षा 6 से 9 और 11 के लिए हाइब्रिड लर्निंग अनिवार्य ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में पढ़ाई का विकल्प रहेगा। ऑनलाइन मोड का चयन छात्रों और अभिभावकों की पसंद पर निर्भर करेगा। वहीं कक्षा 5वीं तक के छात्रों के लिए हाइब्रिड मोड लागू कर दिया गया है।

### ऑनलाइन क्लासों पर फोकस

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर और दिल्ली के स्कूलों में छोटे बच्चों के लिए भी हाइब्रिड लर्निंग लागू होगी। जिन स्कूलों में ऑनलाइन शिक्षा संभव है, वहां इसे प्राथमिकता दी जाएगी। स्कूल शुरू होने का समय बदला गया है। अब गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर में सर्दी को देखते हुए कक्षाएं सुबह 9 बजे से शुरू होंगी। यह आदेश सभी सरकारी, प्राइवेट और सहायता प्राप्त स्कूलों पर लागू होगा।

### इन बातों का भी रहे ध्यान

- प्रदूषण क्यों बढ़ रहा है? स्थिर हवाओं और व्युत्क्रम परत के कारण प्रदूषक वातावरण में नीचे ही बने रहते हैं।,
- बढ़ते वाहनों का धुआं, औद्योगिक गतिविधियां और सर्दी के मौसम में धूल के जमाव प्रदूषण को बढ़ा रहे हैं।
- छात्रों और अभिभावकों के लिए सुझाव जिन स्कूलों में ऑनलाइन शिक्षा संभव है, वहां इस विकल्प को चुनें।
- बच्चों को प्रदूषण से बचाने के लिए घर के अंदर ही पढ़ाई करने दें।
- सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें और निजी वाहनों से बचें।

# कांग्रेस ने खोला लखनऊ में मोर्चा और पुलिस ने कर लिया कांग्रेसियों को नजरबंद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर तानाशाही रवैये का आरोप लगाते हुए विधानसभा घेराव का ऐलान किया था। कांग्रेस के इस ऐलान के बाद गाजियाबाद में पुलिस ने रात में ही कांग्रेस नेताओं के घर पर छापा मारा और उन्हें नजर बंद कर लिया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने विधानसभा घेराव की घोषणा की थी। लेकिन पुलिस ने रात में ही कांग्रेस नेताओं के घर पर छापा मारा। पुलिस ने कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉली शर्मा को लखनऊ जाने से पहले ही रात को 11 बजे उनके घर में नजरबंद कर दिया। डॉली शर्मा का कहना है कि यहां तक की उन्हें कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भी मिलने की अनुमति नहीं दी गई। डॉली शर्मा ने कहा कि यह उत्तर प्रदेश सरकार की तानाशाही का उदाहरण है। विपक्ष अपनी बात को जनता के बीच भी नहीं रख सकता। यह सरकार लोकतंत्र की आड़ में तानाशाही का संचालन कर रही है ताकि आम आदमी अपनी आवाज ना उठा सके। पुलिस ने इसके अलावा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र भारद्वाज को भी उनके घर में नजरबंद कर दिया। इसके अलावा कई अन्य कांग्रेस नेताओं को भी पुलिस ने नजरबंद किया।



### जब गाजियाबाद से लखनऊ तक पुलिस के हाथ नहीं आये विजय चौधरी



**करंट क्राइम।** कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने लखनऊ पहुंच कर प्रदर्शन में हिस्सा लिया। सबसे खास बात ये रही कि विजय चौधरी गाजियाबाद से लेकर लखनऊ तक पुलिस के हाथ नहीं आये। पुलिस उनके जटवाडा स्थित आवास पर रात में ही पहुंच गई थी। लेकिन इससे पहले कि पुलिस विजय चौधरी को पकड़ पाती, उससे पहले विजय चौधरी अपने घर से निकल चुके थे। गाजियाबाद से लखनऊ तक सभी बैरियर को पार करते हुए विजय चौधरी लखनऊ पहुंचे। कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने करंट क्राइम से बातचीत में कहा कि लोकतंत्र की हत्या करने का काम भाजपा सरकार कर रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उनके घरों में नजरबंद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाते रहेंगे। अपने शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर लखनऊ में पहुंचे हैं। विजय चौधरी ने कहा कि सरकार कितनी भी तानाशाही कर ले लेकिन इस देश में लोकतंत्र जिंदाबाद रहा है और रहेगा।

## संपादकीय

# सामाजिक ताना-बाना

एक दंपती के घर 2021 में एक बच्चे का जन्म हुआ, लेकिन दिसंबर 2024 तक भी वे उसका नामकरण नहीं कर पाए क्योंकि दोनों एक-दूसरे के दिए नाम पर सहमत नहीं थे! दोनों की सहमति वाले नाम के साथ जन्म प्रमाण पत्र हासिल करने में तीन साल लग गए। लेकिन यह नाम न तो उसकी मां का दिया था और ना ही पिता का, बल्कि कोर्ट ने उसे यह नाम दिया।

बच्चे के जन्म के बाद से ही मां ने उसे आदि बुलाना शुरू कर दिया, लेकिन पिता भगवान शनि के नाम पर नाम रखना चाहते थे! हैरानी की बात थी कि पत्नी की गर्भावस्था शुरू होने के बाद से लेकर बच्चे के जन्म तक पति उससे मिलने नहीं आया। पति, पत्नी द्वारा दिए नाम पर राजी नहीं थी। इसलिए इस शनिवार तक, जन्म रिकॉर्ड के तौर पर किसी भी सरकारी एजेंसी में उसका कोई भी नाम रजिस्टर नहीं हो सका।

दंपति बीच का कोई रास्ता नहीं निकाल पा रहे थे, ऐसे में पत्नी ने कोर्ट की शरण लेते हुए सीआरपीसी की धारा 125 के तहत पति से भरण-पोषण की मांग की। मैसूर के पास हुनसुर के इस दंपति ने सही नाम चुनने का काम न्यायाधीशों और अन्य न्यायिक अधिकारियों के समूह पर छोड़ दिया, जिन्होंने उनके तीन साल के बच्चे के लिए एक नाम चुना। इस शनिवार को कोर्ट ने आखिरकार जाकर बच्चे के लिए आर्यवर्धन नाम चुना और इस निर्णय के बाद तलाक की कगार पर खड़े पति-पत्नी भी एक हो गए, दोनों ने एक-दूसरे को हार पहनाया और अपने तीन साल पुराने मतभेद पीछे छोड़ दिए।

एक और उदाहरण लें। यह भी इसी शनिवार को हुआ। बलिया के स्थानीय मनियर बाजार में सब्जी की दुकान लगाने वाला छट्ठू प्रसाद उर्फ गोलू तुरहा गले में एक तख्ती लटकाए पुलिस थाने पहुंचा, जिस पर लिखा था, आज के बाद किसी लड़की या महिला पर फब्तियां नहीं कसूंगा। पुलिस ने सख्त हिदायत देकर उसे छोड़ दिया। स्कूल और कॉलेज जानी वाली लड़कियों को ऐसे मनचलों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए पुलिस ने एंटी रोमियो ऑपरेशन शुरू किया है और इसके अच्छे परिणाम आने लगे हैं। वह पुलिस के राडार में तब आया, जब एक स्थानीय व्यक्ति ने शिकायत की कि वह अपनी सब्जी की दुकान के सामने से गुजरने वाली लड़कियों पर फब्तियां कसता है। इस वजह से उसकी लड़की और वहां से आने जाने वाली अन्य महिलाएं-लड़कियों को शर्म के मारे अपना सिर झुकाकर निकलना पड़ता है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया। जब उस मनचले को पता चला कि पुलिस उसे ढूंढ रही है, तब उसने आत्मसमर्पण कर दिया। ये दो उदाहरण बदलते समाज का प्रतिबिंब हैं। पहले मामले में पति-पत्नी के बीच का ईगो सामने आया। एक दंपति आम सहमति में असमर्थता के आधार पर अलगाव की मांग कर रहा है। अपने बच्चे को दुनिया में लाने के बाद उसका नाम क्या होना चाहिए? वाकई?

ऐसी दुनिया में जहां एक क्लिक पर सैकड़ों नाम, उनके अर्थ सामने आ जाते हैं, क्या हमें वास्तव में ऐसे मामलों पर माननीय अदालतों को परेशान करने की जरूरत है? गांव का मुखिया या परिवार का सबसे बड़ा व्यक्ति इस मुद्दे को आसानी से हल कर सकता था। दूसरा मामला समाज के दो पहलुओं को दर्शाता है। परवरिश के मामले में हमारे गिरते मूल्य और हममें से कई लोग अपने आसपास की स्थितियों के प्रति उदासीन हैं। पता नहीं इस आत्मसमर्पण के बाद उसकी आदतों में कितना सुधार आएगा, लेकिन याद रखें कि उसका यह कदम सिर्फ डर के कारण था। मुझे नहीं पता कि उसे अहसास भी है या नहीं कि उसने एक भयंकर गलती की है। कम से कम समाज के तौर पर हम उसकी दुकान का बहिष्कार कर सकते थे।

## रिवैम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत

# इस साल नवंबर तक 73 लाख स्मार्ट मीटर हुए इंस्टॉल : केंद्रीय मंत्री



**नई दिल्ली।** संसद में दी गई जानकारी के अनुसार, रिवैम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत इस साल नवंबर तक अलग-अलग राज्यों में लगभग 73 लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा चुके हैं। इस स्कीम को सरकार की ओर से जुलाई 2021 में शुरू किया गया था। स्कीम के तहत मार्च 2025 तक लगभग 25 करोड़ स्मार्ट प्रीपेड लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना पर 3.3 ट्रिलियन रुपये का खर्च आएगा। विद्युत राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने राज्यसभा में एक जवाब में कहा कि 29 नवंबर तक विभिन्न राज्यों में लगभग 19.79 करोड़ स्मार्ट मीटर अप्रूव किए जा चुके हैं और 72.97 लाख डिवाइस इंस्टॉल किए जा चुके हैं। केंद्रीय मंत्री ने संसद में उन राज्यों को लेकर भी जानकारी दी, जहां अभी तक स्मार्ट मीटर की संख्या शून्य बनी हुई है। मंत्री द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, तमिलनाडु, त्रिपुरा, राजस्थान और पंजाब जैसे राज्यों में स्मार्ट मीटर की स्थापना 'शून्य' थी, जबकि इन राज्यों में अप्रूव्ड डिवाइस की संख्या क्रमशः 3 करोड़, 5.47 लाख, 1.42 करोड़ और 87.84 लाख थी। शून्य स्थापना वाले दूसरे राज्यों नागालैंड, मेघालय, मिजोरम, झारखंड, केरल, अरुणाचल प्रदेश और गोवा का नाम भी शामिल है। हालांकि, इन राज्यों में अप्रूव्ड डिवाइस की संख्या को लेकर भी जानकारी दी गई। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि नागालैंड में 3.17 लाख, मेघालय में 4.60 लाख, मिजोरम में 2.89 लाख, झारखंड में 13.41 लाख, केरल में 1.32 करोड़, अरुणाचल प्रदेश में 2.87 लाख और गोवा में 7.41 लाख डिवाइस को मंजूरी दी गई है। इसी तरह 29 नवंबर तक अंडमान एवं निकोबार तथा पुडुचेरी में भी स्मार्ट मीटर की संख्या शून्य है लेकिन, दोनों ही केंद्र शासित प्रदेशों के लिए क्रमशः 83,573 और 4.03 लाख स्मार्ट मीटर को मंजूरी दे दी गई है। केंद्रीय मंत्री ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि नवंबर तक असम में कुल 63.64 लाख अप्रूव्ड में से 22.89 लाख स्मार्ट मीटर लगाए गए, जो कि सबसे ज्यादा थे। उसके बाद बिहार में 23.50 लाख अप्रूव्ड में से कुल 19.39 लाख डिवाइस लगाए गए। मध्य प्रदेश में 1.29 करोड़ अप्रूव्ड मीटर में से 10.13 लाख मीटर लगाए गए।

# भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में बंद, प्रमुख वैश्विक नीतिगत निर्णयों पर टिकी निगाहें



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को प्रमुख नीतिगत निर्णयों, खास तौर पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसले से पहले, लाल निशान में बंद हुआ। कारोबार के अंत में निफ्टी के पीएसयू बैंक, ऑटो, आईटी, फाइनेंशियल सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल और रियल्टी सेक्टर में बिकवाली देखी गई।

सेंसेक्स 1,064.12 अंक या 1.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,684.4 पर बंद हुआ और निफ्टी 332.25 अंक या 1.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,336 पर बंद हुआ। बाजार के जानकारों के अनुसार, अमेरिकी फेड, बैंक ऑफ जापान और बैंक ऑफ इंग्लैंड के प्रमुख नीतिगत निर्णयों से पहले सभी क्षेत्रों में निराशा बनी हुई है। हालांकि, बाजार ने पहले ही अमेरिकी फेड द्वारा 25 आधार अंकों की कटौती को ध्यान में रखा है, लेकिन यह किसी भी आक्रामक संकेत के लिए पहले से ही सतर्क है। निफ्टी बैंक 746.55 अंक या 1.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52,834.80 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 341.15 अंक या 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59,101.90 पर बंद हुआ। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 132.60 अंक या 0.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,398.45 पर बंद हुआ।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,578 शेयर हरे और 2,440 लाल निशान में बंद हुए, जबकि 89 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। सेक्टोरल फ्रंट पर निफ्टी के मीडिया सेक्टर में खरीदारी देखने को मिली। सेंसेक्स पैक में भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, टीसीएस, एशियन पेंट्स, एलएंडटी, बजाज फिनसर्व, रिलायंस, नेस्ले इंडिया, एचडीएफसी बैंक, मारुति, एमएंडएम, टाटा स्टील और पावर ग्रिड टॉप लूजर्स थे। केवल आईटीसी ही अकेला टॉप गेनर रहा। रुपया 84.90 के करीब स्थिर रहा, क्योंकि बाजार 18 दिसंबर को निर्धारित फेड के वर्ष के अंतिम नीतिगत निर्णय पर केंद्रित है। एलकेपी सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी के उपाध्यक्ष अनुसंधान विश्लेषक जतिन त्रिवेदी ने कहा, ₹एक नरम रुख डॉलर सूचकांक को नीचे धकेल सकता है, जिससे रुपये को राहत मिलेगी। हालांकि, कोई भी अनिश्चित या आक्रामक टिप्पणी डॉलर को मजबूत कर सकती है और प्रतिभागियों को रुपये पर मंदी का रुख बनाए रख सकती है। रुपये की सीमा 84.75 और 85.05 (प्रति डॉलर) के बीच होने का अनुमान है।

# वित्त मंत्री लोकसभा में बोलीं दूसरी तिमाही में 5.4% की वृद्धि दर उम्मीद से कम- सुधार जल्द

**नई दिल्ली।** वित्तीय वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में देश की वृद्धि दर 5.4% रही। यह आंकड़ा उम्मीद से कम है, लेकिन आने वाली तिमाहियों में इसमें सुधार होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में यह बात कही। वित्तीय वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में देश की वृद्धि दर 5.4% रही। यह आंकड़ा उम्मीद से कम है, लेकिन आने वाली तिमाहियों में इसमें सुधार होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में यह बात कही।



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि दूसरी तिमाही में उम्मीद से कम 5.4 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर एक ह्यह्यअस्थायी झटकाह्लह्ल है और आने वाली तिमाहियों में अर्थव्यवस्था में अच्छी वृद्धि देखने को मिलेगी। लोकसभा में अनुदानों की अनुपूरक मांगों के पहले बैच पर बहस का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने ₹स्थिर और सतत₹ विकास देखा है और पिछले तीन वर्षों में इसकी सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर औसतन 8.3 प्रतिशत रही है। सीतारमण ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। सीतारमण ने कहा कि दूसरी तिमाही की वृद्धि दर केवल एक अस्थायी झटक है और आने वाली तिमाहियों में अर्थव्यवस्था में अच्छी वृद्धि देखने को मिलेगी। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि विनिर्माण क्षेत्र में कोई व्यापक मंदी नहीं है। समग्र विनिर्माण क्षेत्र के आधे क्षेत्र मजबूत बने हुए हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 6.7 प्रतिशत तथा जुलाई-सितंबर अवधि में 5.4 प्रतिशत बढ़ी। मुद्रास्फीति के बारे में सीतारमण ने कहा कि एनडीए शासन में इस पर बेहतर नियंत्रण है, जबकि यूपीए के शासन में यह दोहरे अंक को छू गई थी। सीतारमण ने कहा कि बेरोजगारी दर 2017-18 में 6 प्रतिशत से घटकर अब 3.2 प्रतिशत हो गई है। वित्त मंत्री ने कहा, पिछले तीन वर्षों में भारत की जीडीपी वृद्धि दर औसतन 8.3 प्रतिशत रही है, इसमें स्थिर व सतत वृद्धि हुई है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

टीचर (स्टूडेंट से)- सेमेस्टर सिस्टम से क्या फायदा है, बताओ?
स्टूडेंट- फायदा तो पता नहीं, पर बेइज्जती साल में दो बार हो जाती है।

---

चिंटू- हाथ में खुजली होने पर रुपये आते हैं?
मिंटू- अगर हाथ में खुजली हो तो समझ जाना कि खुजली की बीमारी हुई है, रुपये नहीं आते उसके लिए कड़ी मेहनत का काम करना पड़ता है... खुजाने से अगर रुपये आते तो भालू और बंदर सबसे ज्यादा रुपये वाले होते!

---

चिंटू- मैं तीर्थ यात्रा पर जा रहा हूं सोच रहा हूं दारू छोड़ दूं
मिंटू- यह तो बहुत अच्छी बात है इसमें सोचने की क्या जरूरत
चिंटू- पर मेरे सारे दोस्त कमीने हैं किसके पास छोड़ूं!

## ना जाने तुम कब सीखोगे

प्रस्तुति करंट क्राइम

**संजीव शर्मा**
**पूर्व पार्षद गांधी नगर**
**गाजियाबाद**



बेमतलब लड़ते रहते हो घर में कमजोरी आती है,
अपनापन भी कम होता है रिश्तों में दूरी आती है।

जब तुम ज़िद पर आ जाते हो बात किसी की कब सुनते हो,
बेढंगी बातें करते हो बनती बात बिगड़ जाती है।

ऐसे मुद्दे ले आते हो जिन मुद्दों का हल ही ना हो,
वो उलझन पैदा करते हो हरगिज सुलझ नहीं पाती है।

उस घर का भगवान ही मालिक जिसमें हो तुम जैसे अहमक,
कोई काम नहीं बन पाता मेहनत सब जाया जाती है।

सब कुछ हमने पाकर खोया वक़्त भला था तब ना संभले,
अब गिरते पड़ते रहते हैं रोज नई आफत आती है।

आपस में मिलजुल कर रहना ना जाने तुम कब सीखोगे,
जो ऐसी गलती करते हैं उनको दुनिया खा जाती है।

## शेयर बाजार से जमकर पैसा जुटा रही कंपनियां 2024 में बना रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार के लिए 2024 एक ऐतिहासिक साल रहा है। कंपनियों ने इस साल अब तक इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ), क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) और राइट्स इश्यू के जरिए 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की रिकॉर्ड पूंजी जुटाई है। इससे पहले 2021 में कंपनियों ने रिकॉर्ड 1.88 लाख करोड़ रुपये जुटाए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस साल अब तक 90 कंपनियों ने 1.62 लाख करोड़ रुपये की राशि जुटाई है या इसकी घोषणा की है, जो पिछले साल के 49,436 करोड़ रुपये से 2.2 गुणा अधिक है। 2024 में नए इश्यू के जरिए जुटाई गई राशि करीब 70,000 करोड़ रुपये है, जबकि 2021 में यह आंकड़ा 43,300 करोड़ रुपये था। 2024 में अब तक 88 कंपनियां क्यूआईपी के जरिए 1.3 लाख करोड़ रुपये जुटा चुकी हैं। इससे पहले क्यूआईपी के जरिए सबसे अधिक राशि 80,816 करोड़ रुपये 2020 में 25 कंपनियों द्वारा जुटाई गई थी। इस अब तक 20 कंपनियों ने राइट्स इश्यू के जरिए करीब 18,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। पिछले साल यह आंकड़ा 7,266 करोड़ रुपये और 2022 में यह 3,884 करोड़ रुपये था। 2024 के आखिरी दो हफ्तों में भी यह आंकड़ा बढ़ने की उम्मीद है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- साल 1950 तक, संसद में ऑक्सफोर्ड के भूतपूर्व छात्र के लिए हमेशा दो सीटों की गारंटी थी।
- दुनिया का सबसे पुराना उद्देश्य-निर्मित संग्रहालय (आधिकारिक तौर पर साल 1683 में खोला गया) ऑक्सफोर्ड का एशमोलेन संग्रहालय है।
- क्या आप जानते हैं? गृह युद्ध (1642 – 1646) के दौरान ऑक्सफोर्ड इंग्लैंड की राजधानी थी।
- एलिस इन वंडरलैंड से एलिस वास्तव में एलिस लिडेल नामक एक असली लड़की थी। असली एलिस, लुईस के एक कॉलेज मित्र – क्राइस्ट चर्च में डीन की पुत्री थी।
- होलीवेल म्यूजिक रूम (1748) यूरोप में सबसे पुराना संगीत प्रदर्शन कक्ष है।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों के कुछ वास्तव में 'विचित्र रस्मों-रिवाज' हैं। जैसे की, अपनी परीक्षा पूरी करने वाले छात्रों पर अंडे और पास्ता सॉस फेंकना।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों ने 158 ओलंपिक स्वर्ण पदक जीते हैं!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

**दैनिक करंट क्राइम**

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने फिट इंडिया साइकिलिंग ड्राइव लॉन्च किया



**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में फिट इंडिया साइकिलिंग ड्राइव को हरी झंडी दिखाई। इस पहल का उद्देश्य साइकिल को परिवहन के एक स्थायी और स्वस्थ साधन के रूप में बढ़ावा देना है। स्टेडियम से रायसीना हिल्स और वापसी तक की तीन किलोमीटर की यात्रा में करीब 500 साइकिल चालक शामिल हुए।

इस कार्यक्रम को मांडविया ने रक्षा खडसे, राज्य मंत्री (खेल), सांसद तेजस्वी सूर्या के साथ-साथ पेरिस पैरालंपिक की कांस्य पदक विजेता सिमरन शर्मा, राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता नीतू घणघस और एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति पवार सहित कई अन्य खिलाड़ियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाई।

मांडविया ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, हमने इस कार्यक्रम को फिट इंडिया साइकिलिंग मंगलवार के रूप में लॉन्च किया है लेकिन साइकिल चलाने के शौकीनों की सुविधा के लिए इसे अब रविवार को आयोजित किया जाएगा और इसे संडे ऑन साइकिल कहा जाएगा।

खेल मंत्री ने कहा, डॉक्टर, पत्रकार, शिक्षक, कॉर्पोरेट पेशेवर और युवा रविवार को नयी दिल्ली के साथ देश के सभी हिस्सों में एक घंटे की साइकिल यात्रा में शामिल होंगे। साइकिल चलाने से पर्यावरण को बड़ा बढ़ावा मिलता है। यह प्रदूषण का कारगर समाधान है और स्थिरता में भी योगदान देता है। युवा मामले और खेल मंत्रालय के फिट इंडिया पहल, भारतीय साइकिलिंग महासंघ, एमवाई भारत और विभिन्न खेल प्राधिकरणों के सहयोग से पूरे देश में इस कार्यक्रम का 1,000 से अधिक स्थान पर एक साथ आयोजन हुआ।

साइकिलिंग प्रतियोगिताएं भारतीय खेल प्राधिकरण के क्षेत्रीय केंद्रों, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओई) के साथ-साथ देश भर के खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी) में एक साथ आयोजित की गयी। इसमें 50,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

# स्मृति मंधाना अंतरराष्ट्रीय टी20 और ओडीआई दोनों रैंकिंग में शीर्ष तीन में पहुंची



**नई दिल्ली।** भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन की बदौलत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की मंगलवार को जारी नवीनतम महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन स्थान के फायदे से दूसरे जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर पहुंच गईं।

बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के अंतिम मैच में 105 रन की पारी खेली जबकि वेस्टइंडीज के खिलाफ रविवार को मुंबई में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 54 रन बनाए। मंधाना एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में एकमात्र भारतीय हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर दो स्थान के नुकसान से 13वें जबकि हरलीन देओल नौ स्थान के फायदे से 64वें स्थान पर हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में दीप्ति शर्मा दो स्थान के नुकसान से पांचवें पायदान पर हैं। भारतीय तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी 48 स्थान की लंबी छलांग के साथ 51वें स्थान पर पहुंच गई हैं जबकि रेणुका ठाकुर 28वें से संयुक्त 26वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट दो स्थान के फायदे से 11 स्थान पर हैं। उन्होंने नाबाद 65 रन की पारी खेलकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला 2-1 से जीतने में अहम भूमिका निभाई थी। पर्थ में 50 रन बनाने वाली एशलेग गार्डनर 16वें से 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं जबकि ताहलिया मैकग्रा आठ स्थान के फायदे से 24वें स्थान पर हैं।

अनाबेल सदरलैंड 15 स्थान के फायदे से 29वें पायदान पर हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ 110 रन की मैच विजयी पारी खेली थी। गार्डनर गेंदबाजी रैंकिंग में भी दो स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर हैं जो उनके करियर की पिछली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग भी है। वह ऑलराउंडर की सूची में भी चौथे से दूसरे पायदान पर पहुंच गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की मारिजेन कैप दो स्थान के फायदे से चौथे स्थान पर हैं जबकि इंग्लैंड की चार्ली डीन (दो स्थान के फायदे से सातवें स्थान पर), नैट स्किवर ब्रंट (एक स्थान के फायदे से 16वें स्थान पर) और लॉरेन बेल (चार स्थान के फायदे से 21वें स्थान पर) की तिकड़ी को भी फायदा हुआ है। दूसरी तरफ टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में हरमनप्रीत की शीर्ष 10 में वापसी हुई है। जेमिमा वेस्टइंडीज के खिलाफ 73 रन की पारी खेलकर छह स्थान के फायदे से 15वें स्थान पर हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में दीप्ति दो स्थान के फायदे से दूसरे पायदान पर हैं जबकि टिटास साधु 52वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर डिएंड्रा डॉटिन भारत के खिलाफ अर्धशतक जड़ने के बाद 21 स्थान के फायदे से 59वें पायदान पर हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में कियाना जोसेफ (22 स्थान के फायदे से 65वें स्थान) और गेंदबाजी रैंकिंग में करिशमा रामहरक (छह स्थान के फायदे से 20वें स्थान पर) को भी फायदा हुआ है।

# हॉकी इंडिया ने राउरकेला और रांची में दर्शकों को मुफ्त प्रवेश देने की घोषणा की



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने हॉकी इंडिया लीग के राउरकेला और रांची में होने वाले पुरुष और महिला मुकाबलों के लिए दर्शकों को स्टेडियम में मुफ्त प्रवेश देने की मंगलवार को घोषणा की। आठ टीम वाली पुरुषों की हॉकी इंडिया लीग नए प्रारूप में 28 दिसंबर से राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में खेली जाएगी और एक फरवरी 2025 को संपन्न होगी। महिलाओं की लीग में चार टीम होंगी और यह 12 से 26 जनवरी तक रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ पर खेली जाएगी।

हॉकी इंडिया ने साथ ही कहा कि लीग की पहुंचाने को बढ़ाने के लिए पुरुष और महिला वर्ग के कुछ चुनिंदा मैच एक-दूसरे के स्थलों पर आयोजित किए जाएंगे। हॉकी इंडिया ने विज्ञप्ति में कहा, टिकट बिक्री से होने वाली आय को छोड़कर हॉकी इंडिया का लक्ष्य खेल और इसके उत्साही समर्थकों के बीच एक मजबूत संबंध बनाना है जिससे अधिक से अधिक लोगों को मैदान पर हॉकी के रोमांच का अनुभव करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। हॉकी इंडिया लीग की संचालन समिति के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, निःशुल्क टिकट प्रदान करके हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि वित्तीय स्थिति की परवाह किए बिना सभी को मैदान पर सर्वश्रेष्ठ हॉकी का अनुभव करने का अवसर मिले।

# कीर्ति आजाद को हराकर रोहन जेटली फिर बने अध्यक्ष



**पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत अरुण जेटली के बेटे 35 वर्षीय रोहन जेटली ने टॉप पद की दौड़ में आजाद के 777 वोटों की तुलना में 1577 वोट हासिल किए।**

**नई दिल्ली।** कीर्ती आजाद को हराकर रोहन जेटली एक बार फिर से दिल्ली जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष बन गए हैं। उन्होंने डीडीसीए के कई पदों के लिए चुनावों में भारत के पूर्व खिलाड़ी कीर्ती आजाद को हराया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत अरुण जेटली के बेटे 35 वर्षीय रोहन जेटली ने टॉप पद की दौड़ में आजाद के 777 वोटों की तुलना में 1577 वोट हासिल किए। कुल 2413 वोट डाले गए और जीतने के लिए 1207 वोटों की आवश्यकता थी।

2020 में रोहन निर्विरोध डीडीसीए अध्यक्ष चुने गए और एक साल बाद उन्होंने एडवोकेट विकास सिंह को हराया। बीसीसीआई के पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष सीके खन्ना की बेटी शिखा कुमार ने राके कुमार बंसल और सुधीर कुमार अग्रवाल को हराकर उपाध्यक्ष पद हासिल किया।

डीडीसीए के अन्य पदों के लिए चुनाव परिणाम की बात करें तो अशोक शर्मा सचिव बने, जबकि हरीश सिंगला कोषाध्यक्ष पद के लिए चुने गए और अमित ग्रोवर ने संयुक्त सचिव पद पर जीत हासिल की। अन्य लोगों में आनंद वर्मा, मंजीत सिंह, नवदीप एम, श्याम शर्मा, तुषार सहगल, विकास कत्याल, विक्रम कोहली डायरेक्टर बने।

# रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट से लेंगे संन्यास! ग्लव्स से दिया संकेत



**नई दिल्ली।** इसी साल टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद रोहित शर्मा ने टी20 क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। इसके बाद एक बार फिर उनके टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की अफवाहें जोर पकड़ रही हैं। कहा जा रहा है कि, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज उनके करियर की आखिरी टेस्ट सीरीज हो सकती है।

कप्तान रोहित शर्मा पिछले कुछ समय से टेस्ट क्रिकेट में खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं और इस फॉर्मेट में उनकी कप्तानी पर भी काफी सवाल खड़े हो रहे हैं। दरअसल, टेस्ट से संन्यास की खबरें इसलिए भी आ रही हैं क्योंकि ब्रिसबेन टेस्ट में जब पैट कमिंस की गेंद पर आउट होने के बाद रोहित शर्मा पवेलियन लौट रहे थे, तो उन्होंने अपने ग्लव्स उतारकर डगआउट के पीछे छोड़ दिए। इसके बाद से सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गए हैं कि क्या रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से अलविदा कहने का मन बना लिया है?

रोहित शर्मा के अगर मौजूदा टेस्ट फॉर्म पर नजर डालें, तो उन्होंने पिछली 13 पारियों में 11.69 के औसत से कुल 152 रन ही बनाए हैं, जिसमें महज एक पचासा शामिल है। रोहित इस दौरान आठ बार तो सिंगल डिजिट स्कोर पर आउट हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रोहित पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं थे, लेकिन इसके बाद एडिलेड और ब्रिसबेन में अभी तक वह कप्तानी और बैटिंग दोनों को लेकर ही आलोचकों के निशाने पर रहे हैं।

रोहित जब मैच के चौथे दिन पैट कमिंस की गेंद पर आउट हुए, तो वह खुद से काफी ज्यादा निराश नजर आए। 2024 टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीतने के बाद रोहित ने टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया था। अब अगर रोहित टेस्ट से संन्यास लेते हैं, तो वह बस वनडे इंटरनेशनल फॉर्मेट में खेलते हुए नजर आ सकते हैं।

# नॉर्वे शतरंज में कार्लसन से होगा विश्व चैंपियन गुकेश का सामना



**नई दिल्ली।** सबसे युवा विश्व चैम्पियन गुकेश डोम्माराजू का सामना अगले साल नॉर्वे शतरंज में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से होगा। टूर्नामेंट यहां 26 मई से छह जून तक खेला जाएगा।18 साल के गुकेश ने इस साल टाटा स्टील मास्टर्स जीता, शतरंज ओलंपियाड में भारत को स्वर्ण दिलाया, कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में चमके और पिछले सप्ताह सिंगापुर में विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीता। गुकेश ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'मैं दुनिया के सबसे मजबूत खिलाड़ियों में से एक के खिलाफ फिर नॉर्वे में भिड़ने को लेकर रोमांचित हूं। आमार्गेडोंस मजेदार होगा।' गुकेश पिछले साल यहां तीसरे स्थान पर रहे थे लेकिन इस बार विश्व चैम्पियन के रूप में कार्लसन को उनके घर में चुनौती देंगे। नॉर्वे शतरंज के संस्थापक और टूर्नामेंट निदेशक जेल मेडलैंड ने कहा, 'यह मुकाबला शानदार होगा। देखना दिलचस्प होगा कि विश्व चैम्पियन का सामना नंबर एक खिलाड़ी से कैसा रहता है। पूरी दुनिया की इस पर नजरें होंगी।' नॉर्वे शतरंज में दुनिया के शीर्ष पुरूष और महिला खिलाड़ी छह खिलाड़ियों के दोहरे राउंड रॉबिन प्रारूप में खेलेंगे।

## ऑस्ट्रेलिया को लगा बड़ा झटका

# जोश हेजलवुड हुए मैच के साथ-साथ सीरीज से बाहर



**नई दिल्ली।** ब्रिसबेन के गाबा में भारत के खिलाफ जारी तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन के खेल से पहले ऑस्ट्रेलिया को एक बड़ा झटका लगा है। उनकी टीम के प्रमुख गेंदबाज जोश हेजलवुड चोटिल हो गए। हालांकि, वे दिन के खेल के पहले घंटे में मैदान पर नजर आए और एक ओवर गेंदबाजी की, लेकिन फिर उन्हें मैदान से बाहर ले जाया गया और जोश हेजलवुड को स्कैन्स के लिए हॉस्पिटल भी ले जाना पड़ा। इसके बाद जो रिपोर्ट सामने आई, उनसे साफ हो गया है कि जोश हेजलवुड को काफ स्ट्रेन है। वे इस मैच के साथ-साथ इस सीरीज से बाहर हो गए हैं।

अब जोश हेजलवुड ब्रिसबेन टेस्ट मैच में आगे गेंदबाजी नहीं कर पाएंगे और सीरीज के बाकी मैचों में भी हिस्सा नहीं ले पाएंगे। ऐसे में उनकी जगह इस सीरीज में स्कॉट बोलैंड खेलेंगे। उनको गंभीर चोट लगी है। इस चोट से उबरने के लिए उनको वक्त लगेगा। ऐसे में वे सीरीज के बाकी दो मैचों के लिए भी उपलब्ध नहीं होंगे। स्कैन्स के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने जोश हेजलवुड को लेकर जो अपडेट दिया है, उसमें बताया है कि, जोश हेजलवुड की पिंडली में खिंचाव आ गया है और वह टेस्ट सीरीज के बाकी बचे मैचों से बाहर हो सकते हैं।

जोश हेजलवुड इस मैच में 6 ओवर गेदंबाजी कर चुके हैं और एक विकेट अपने नाम कर चुके हैं। उन्होंने विराट कोहली को विकेट के पीछ एलेक्स कैरी के हाथों कैच आउट कराया था। हेजलवुड को चौथे दिन के खेल से पहले वॉर्मअप मैच के दौरान उनको चोट लगी थी। उन्होंने गेंदबाजी करने की कोशिश की, लेकिन एक ही ओवर फेंकने के बाद वे बाहर चले गए।

# आकाशदीप- जसप्रीत बुमराह ने हारते मैच में बैटिंग में किया कमाल, फॉलोऑन भी बचाया



**नई दिल्ली।** बेहतरीन गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हर मायने में टीम इंडिया के हीरो साबित हुए हैं। बता दें कि, टीम इंडिया ब्रिस्बेन गाबा के मैदान पर शर्मसार होने से बाल-बाल बची। वहीं पहले केएल राहुल और फिर रविंद्र जडेजा ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों का डटकर सामने करते हुए अर्धशतक लगाकर भारत की लाज बचाने की कोशिश की। इसके बाद जसप्रीत बुमराह ने 27 गेंदों में एक छक्का लगाकर 10 रन बनाए और नाबाद रहे। वहीं आकाशदीप ने भी 31 गेंदों में 2 चौके और एक छक्का के दम पर नाबाद 27 रन की पारी खेली। जसप्रीत बुमराह और आकाशदीप की जोड़ी में आखिर में कमाल की बल्लेबाजी करते हुए भारत को किसी तरह फॉलोऑन झेलने के शर्मसार होने से बचा लिया।

जब आकाशदीप ने कमिंस को चौका मारते हुए कट ऑफ स्कोर को पार किया तो टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम में सेलिब्रेशन देखते बन रहा था। हेड कोच गौतम गंभीर, विराट कोहली, कप्तान रोहित शर्मा खुशी से झूम उठे। जबकि इसके बाद ही आकाश ने कमिंस को एक छक्का भी मारा। उनके बीच 39 रनों की साझेदारी हो चुकी है। भारत ने चौथे दिन 74.5 ओवरों में 9 विकेट खोकर 252 रन बनाए, जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहली पारी में 445 रनों का पहाड़ सरीखा स्कोर खड़ा किया था। बता दें कि, आखिरी बार 2011 में भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ ओवल टेस्ट में फॉलोऑन नहीं बचा पाई थी। भारत के लिए दो सबसे बड़ी साझेदारी हुई। केएल राहुल और रविंद्र जडेजा ने छठे विकेट के लिए 67 रन जोड़े, जबकि 7वें विकेट के लिए जडेजा और नीतीश कुमार रेड्डी ने 53 रन जोड़े। इससे पहले अपने तीसरे दिन के स्कोर चार विकेट पर 51 रन से आगे खेलते हुए भारतीय बल्लेबाजों ने जुझारुपन दिखाया और राहुल संकटमोचक साबित होते दिखे। राहुल भाग्यशाली रहे जिन्हें दिन की पहली गेंद पर दूसरी स्लिप में स्मिथ से जीवनदान मिला जबकि पैट कमिंस गेंदबाज थे।

# भारत के लिए डब्लूटीसी फाइनल लगा दांव पर, गाबा टेस्ट के आखिरी दिन जीतेगी ऑस्ट्रेलिया!




**जसप्रीत बुमराह और आकाशदीप जितनी देर क्रीज पर रहेंगे उतनी ही उनकी बल्लेबाजी ऑस्ट्रेलिया के लिए मुसीबत बनेंगी।**

**नई दिल्ली।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी रोमांचक मोड़ पर है। भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच गाबा टेस्ट के आखिरी दिन बुधवार का दिलचस्प होगा। भारत का फॉलोऑन बचने के लिए बाद ड्रॉ की संभावना ज्यादा है, लेकिन देखने वाली बात ये होगी कि क्या ऑस्ट्रेलिया की टीम जीत के लिए जाने का जोखिम उठाएगी? वहीं बड़ी मुसीबत बनी बारिश के बीच कंगारू टीम की क्या रणनीति होगी?

गाबा टेस्ट के आखिरी दिन ऑस्ट्रेलिया का पहला लक्ष्य भारतीय टीम को जल्द से जल्द आउट करना होगा। जसप्रीत बुमराह और आकाशदीप जितनी देर क्रीज पर रहेंगे उतनी ही उनकी बल्लेबाजी ऑस्ट्रेलिया के लिए मुसीबत बनेंगी। भारतीय टीम ने 74.5 ओवर में 9 विकेट पर 252 रन बना लिए। फॉलोऑन बचने के बाद भारतीय टीम राहत महसूस कर रही होगी। वह ड्रॉ से संतुष्ट होगी।

साथ ही कंगारू टीम कम से कम 2 सत्र भारतीय टीम को ऑलआउट करने के लिए बल्लेबाजी करना चाहेगी। जोश हेजलवुड मैच से बाहर हो गए हैं तो पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क पर भार ज्यादा होगा। ऐसे में कंगारू बल्लेबाजों को तेजी से रन बनाने होंगे। 2 सेशन में 300 का टारगेट दोधारी तलवार साबित हो सकती है। भारतीय टीम हार भी सकती है और जीत भी। साथ ही एक गेंदबाज कम होना ऑस्ट्रेलिया के लिए परेशानी बन सकता है।

भारतीय टीम फिलहाल वेट एंड वॉच वाली परिस्थिति में है। वह अभी कोई रणनीति नहीं बना रही होगी। कप्तान रोहित शर्मा चाहेंगे कि, भारतीय गेंदबाज सटीक लाइन लेंथ पर गेंदबाजी करे। ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी में आसानी से रन न बना सके। बल्लेबाजी आने पर भारतीय टीम अच्छी शुरूआत चाहेगी। मजबूत स्थिति में पहुंचने के बाद लक्ष्य हासिल करने की कोशिश करेगी। खराब शुरूआत होने पर टीम ड्रॉ कराने की कोशिश करेगी।

## भारत के लिए डब्लूटीसी का समीकरण

भारतीय टीम के डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने के लिए सबसे आदर्श स्थिति ये है कि वह हार से बचे। एक ड्रॉ और दो मैच जीतकर 60.52 के पीसीटी के साथ वह फाइनल में पहुंच सकता है। ऑस्ट्रेलिया टीम के लिए जीत जरूरी है।

# न्यूजीलैंड ने 423 रन से जीता हैमिल्टन टेस्ट रन के अंतर से इंग्लैंड पर सबसे बड़ी जीत; इंग्लिश टीम ने 2-1 से सीरीज जीती

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड ने हैमिल्टन टेस्ट में इंग्लैंड को 423 रन से हरा दिया है। यह कीवियों की इंग्लैंड पर रन के अंतर से सबसे बड़ी जीत है। तीसरे टेस्ट में 658 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लिश टीम 234 रन ही बना सकी। हालांकि, इंग्लैंड ने 3 मैचों की टेस्ट सीरीज 2-1 से जीत ली। टीम ने पहला मैच 8 विकेट और दूसरा मैच 323 रन से जीता था।

सेडॉन पार्क में मैच के चौथे दिन मंगलवार को इंग्लैंड ने 18/2 के स्कोर से खेलना शुरू किया था। जैकब बिथेल ने 76 और जो रूट ने 54 रनों की पारियां खेलीं, जबकि गस एटकिंसन ने 43 रन का योगदान दिया।



न्यूजीलैंड के मिचेल सैंटनर ने पहली पारी में 76 रन बनाए और 3 विकेट लिए। उन्होंने दूसरी पारी में 49 रन बनाए और 4 विकेट लिए। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। इंग्लैंड के ऑलराउंडर हैरी ब्रुक को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

शनिवार को इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। पहली पारी में न्यूजीलैंड ने 347 और इंग्लैंड ने 143 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी 453 रन बनाए और इंग्लैंड 658 रन का टारगेट दिया। न्यूजीलैंड की संयुक्त रूप से सबसे बड़ी जीत न्यूजीलैंड ने 423 रन से इंग्लैंड को हराया। रन के अंतर से यह टीम की संयुक्त रूप से सबसे बड़ी जीत रही। इससे पहले टीम ने 2018 में क्राइस्टचर्च में श्रीलंका को भी 423 रन से हराया था। इंग्लैंड के खिलाफ यह टीम की सबसे बड़ी जीत है।

टिम साउदी का आखिरी टेस्ट मैच न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी का यह आखिरी टेस्ट मैच रहा। उन्होंने सीरीज शुरू होने से पहले ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था। 35 साल के साउदी ने संन्यास का ऐलान करते हुए कहा था- यदि हमारी टीम हळउ फाइनल के लिए क्वालिफाई करती है, तो मैं उपलब्ध रहूंगा।

तीसरे दिन न्यूजीलैंड दूसरी पारी में 453 पर ऑलआउट न्यूजीलैंड टीम दूसरी पारी में 453 रन पर ऑलआउट हुई। न्यूजीलैंड के स्टार बैटर केन विलियम्सन ने शतक लगाया। उन्होंने 204 बॉल पर 156 रन बनाए। उनके अलावा विल यंग और डेरिल मिचेल ने 60-60 रन बनाए। मिचेल सैंटनर ने 49 और रचिन रवींद्र ने 44 रन की पारी खेली। टॉम ब्लंडेल 44 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड के लिए जैकब बेथेल ने सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके। बेन स्टोक्स और शोएब बशीर ने 2-2 विकेट लिए। थ्यू पॉट्स, गस एटकिंसन और जो रूट को 1-1 विकेट मिला।

# सूटकेस के अंदर मिला मासूम का शव

## गला दबाकर हत्या की आशंका



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मंगलवार को सूटकेस के अंदर मासूम का शव मिला। आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मासूम की हत्या कर शव फेंकने को लेकर पुलिस जांच कर रही है। डीसीपी देहात सुरेंद्र नाथ तिवारी का कहना है कि शव की पहचान नहीं हो सकी है।

### गंगनहर किनारे झाड़ी में था सूटकेस

जिस स्थान पर रेड कलर के कपड़े का सूटकेस मिला है। यह देहात इलाका है। गंगनहर की पटरी के किनारे आसपास के लोग यहां पैदल आ जाते हैं। सूटकेस को देखकर ग्रामीण रुक गए। इसे संदिग्ध मानकर देखा गया। मासूम रेड कलर की ऊनी जर्सी पहने हुए है। ब्लैक कलर की पेंट है। पैरों में शूज भी नहीं है। जिसकी उम्र भी कम है। गला दबाकर मारा गया युवक, पुलिस हत्या करने का अनुमान मान रही है। ग्रामीण जब वहां से गुजर रहे थे, उनको एक लाल रंग का सूटकेस दिखा। जिसे कुत्तों का झुंड नोच रहा था। सूटकेस बंद होने की वजह ये पता नहीं चल सका। आखिर क्या था। शक पर पुलिस को कॉल की। तब तक ग्रामीणों ने कुत्तों के झुंड को भगाया। पुलिस के आने पर पता चला इसमें एक बच्चा है।

### पुलिस बोली-5 से 6 साल है बच्चे की उम्र

पुलिस का कहना है कि बच्चे की उम्र 5 से 6 साल के आसपास लग रही है। गले के पास हल्का निशान मिला है। ऐसे में गला दबाकर हत्या होना पुलिस मान रही है। गंगनहर पटरी गाजियाबाद से मुरादनगर क्षेत्र से शुरू होकर मेरठ, मुजफ्फरनगर, रुड़की के रास्ते हरिद्वार तक जाती है। जिस जगह शव मिला है वहां से 200 मीटर दूरी पर गाजियाबाद के निवाड़ी थाने की पुलिस चौकी है। गाड़ी से सूटकेस को फेंका गया है। पुलिस गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़ और आसपास के ऐसे बच्चों के बारे में जानकारी कर रही है जो गुम हैं। जिससे बच्चे की शिनाख्त हो सके।

# आइफा में वार्षिक कला प्रदर्शनी का आयोजन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स (आइफा) में वार्षिक कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी एक सप्ताह तक चलेगी। प्रदर्शनी का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि प्रो0 डॉ0 वीरपाल सिंह, कोर्डिनेटर फाइन आर्ट डिपार्टमेंट डॉ0 अलका तिवारी, विशिष्ट अतिथि कथावाचक अरविंद ओझा व दिल्ली यूनिवर्सिटी प्रो0 अमित कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने अपने मन व मस्तिष्क की बातों को विभिन्न रंगों द्वारा फलक पर उकेरकर व अन्य माध्यमों से अपनी भावनाओं का एक साकार रूप प्रदान किया।

रॉयल ड्राइंग स्कूल ऑफ आर्ट्स लंदन के शिक्षकों व संस्थान की शिक्षकों के निर्देशन में छात्र-छात्राओं द्वारा निर्मित कलाकृतियों के प्रदर्शन में शिक्षकों, अतिथियों व अभिभावकों का मनमोह लिया। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने विभिन्न विभाग में जाकर वहां प्रदर्शित अत्यंत आकर्षक कलाकृतियां का अवलोकन करते हुये जमकर प्रशंसा की और छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। फाउंडेशन के छात्र-छात्राओं द्वारा निर्मित 12 मीटर लंबी कलाकृति को सभी ने सराहा, पेंटिंग विभाग में बहुत ही आकर्षक पेंटिंग लगी हुई थी व फैशन विभाग में स्वनिर्मित वस्त्र परिधान व एसेसरीज ने प्रदर्शनी की शोभा बढ़ाई। अप्लाइड आर्ट विभाग में आकर्षक पोस्टर, एड कैंपेनिंग लगे हुए थे। इस प्रदर्शनी को सफल बनाने के लिए संस्थान के डायरेक्टर एसके राय, मैनेजर डॉ0 संघर्ष शर्मा, भौतेंद्र कुमार, अमित कुमार बंसल, रुचि विद्यार्थी, प्रशांत झा, दीपांशु, नीलांजना, प्रीति शर्मा, शीतल, कविता व आभा शर्मा आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# दिगम्बर जैन मंदिर श्याम पार्क एक्सटेंशन में निःशुल्क कंबलों का वितरण किया





**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** दिगम्बर जैन मंदिर श्याम पार्क एक्सटेंशन में जैन मिलन साहिबाबाद द्वारा सकल जैन समाज के सहयोग से गरीबों में निःशुल्क गर्म 800 कंबलों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में पार्षद कविता भाटी, प्रवीण भाटी, जैन मिलन के क्षेत्रीय अध्यक्ष अमोलक जैन, जैन समाज के अध्यक्ष आदिश जैन, मंत्री जितेंद्र जैन, वरिष्ठतम संरक्षक ए के जैन, जैन मिलन के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजीव जैन, वीरेंद्र जैन, जैन मिलन साहिबाबाद के अध्यक्ष अतुल जैन, समस्त जैन मिलन कमेटी, जैन मिलन परिवार साहिबाबाद एवं जैन समाज के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। जैन मिलन साहिबाबाद के महामंत्री सुनील कुमार जैन ने बताया कि जैन समाज के द्वारा गरीबों की सेवा के लिए पूरे वर्ष विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते है, जिसमें गरीबों को कई तरह से लाभ मिलता है। वर्तमान पार्षद कविता भाटी एवं व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रवीण भाटी के द्वारा कार्यक्रम की बहुत सराहना की गई।

## न्यूज डायरी

### युवक को कार ने 30 मीटर घसीटा, घायल, घटना सीसीटीवी में कैद, अलाव के पास बैठा था युवक



**हापुड़, करंट क्राइम।** हापुड़ के कोतवाली क्षेत्र में फ्री गंज रोड पर तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे अलाव ताप रहे युवक को रौंद दिया। टक्कर के बाद युवक को कार करीब 30 मीटर तक घसीटकर ले गई, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हैं। यह घटना पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार फ्री गंज रोड पर सड़क किनारे एक युवक ठंड के प्रकोप से बचने के लिए अलाव का सहारा लेकर आराम से बैठा हुआ था। तभी एक तेज रफ्तार कार वहां से गुजरी तो उसने युवक को रौंद दिया। बताया जा रहा है कि कार चलाने वाला व्यक्ति शराब के नशे में था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस कार चालक सहित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही हैं। ये पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। कोतवाली प्रभारी मनीष प्रताप सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फुटेज के आधार पर कार चालक की तलाश की जा रही है। तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### कैफे में गाना बजाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल समेत 6 गिरफ्तार



गाजियाबाद। थाना शालीमार गार्डन क्षेत्र के कैफे में गाना बजाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। कैफे में शुरू हुई मारपीट बाहर तक आ गई। जिसके बाद एक पक्ष की स्कॉर्पियो कार तोड़ दी गई। पुलिस की तरफ से इस मामले में मुकदमा लिखा गया है। दोनों तरफ से 6 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। जिसमें दिल्ली पुलिस का एक हेड कांस्टेबल भी शामिल है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, गाजियाबाद के थाना शालीमार गार्डन क्षेत्र में 80 फूटा रोड पर क्रिस्टल कैफे है। सोमवार देर रात कैफे में गाना बज रहा था। गाना बदलने को लेकर दो पक्षों में पहले कहासुनी हुई। उसके बाद हाथापाई, मारपीट में बदल गई। मारपीट कैफे में शुरू होकर बाहर तक आ गई। एक पक्ष की स्कॉर्पियो कार भी दूसरे पक्ष ने तोड़ दी। सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर थाने आई। जिसके बाद पुलिस की तरफ से मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने इस मामले में 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार में एक हेड कांस्टेबल भी है जो दिल्ली पुलिस के नार्थ ईस्ट जिला के शास्त्री पार्क में तैनात हैं।

# भाजपा के मंडल चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं ने किया नामांकन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के मंडल चुनाव के लिए 4 मंडलों में नामांकन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मोदीनगर देहात मंडल के लिये 11, शहर मंडल के लिये 20, महामाया मंडल में 4 व भोजपुर मंडल में 6 कार्यकताओं ने मंडल अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया। भारतीय जनता पार्टी में मण्डल चुनाव के लिए सभी 4 मंडलों में मंगलवार को छत्रीवाला शिव मंदिर में नामांकन सकुशल संपन्न हुआ। मोदीनगर देहात मंडल के लिये 11, शहर मंडल के लिये 20, महामाया मंडल में 4 व भोजपुर मंडल में 6 कार्यकताओं ने मंडल अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया। सर्वाधिक नामांकन मोदीनगर शहर मंडल में 20 कार्यकताओं ने नामांकन किया। चुनाव समन्यवक व पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल ने बताया कि मोदीनगर के सभी चार मंडलों में कार्यकर्ताओं ने पूरे जोशो खरोश से मंडल अध्यक्ष के लिए नामांकन में हिस्सेदारी की। बताया कि सभी के नामांकन पत्रों की नियमत जांच करने के पश्चात पार्टी नेतृत्व की ओर से जल्द ही मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी जाएगी। मंडल चुनाव अधिकारी देवेंद्र चौधरी व मंडल अध्यक्ष रोहित अग्रवाल को सभी नामांकन प्राप्त हुए। आगे इस प्रक्रिया में जिला एवं क्षेत्रीय संगठन के माध्यम से यह पैनल बनकर प्रदेश में जाएगा और वहां से मंडल अध्यक्ष का नाम तय होकर घोषणा की जायेंगी। शहर मंडल के लिये नामांकन करने वालों में अमितेज जैन, हेमन्त पालीवाल, सुरेन्द्र कुमार गोयल, आकाश शर्मा, आयुष गोयल, नीरज माहेश्वरी, अनिरूद्ध माहेश्वरी, मधुसुदन शर्मा, कृष्णपाल चैहान, अजलि चैधरी, नवीन जायसवाल, आशीष कश्यप, हिमांशु पंवार, अरूण कुमार सैन, दौलतराम जांगिड़, बलराज सिंह, मंयक शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, नीतिन मित्तल, विमल शर्मा व महेश कुमार कश्यप आदि कार्यकर्ता प्रमुख है।

# बालबाड़ी पब्लिक स्कूल में योगा व खो-खो खेल का किया आयोजन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** बालबाड़ी पब्लिक स्कूल में खो-खो खेल व योगा का आयोजन किया गया। जिसमें भाग लेने वाली छात्राएँ कक्षा आठवीं से लेकर कक्षा बारहवीं तक रहीं। खो-खो व योगा एक अनूठा स्वदेशी खेल है जो युवाओं में ओज और स्वस्थ संघर्षशील जोश भरने वाला है। जिसमें कक्षा आठवीं, नौवी, ग्यारहवीं व बारहवीं की छात्राओं ने अपनी कला का प्रदर्शन बड़े उत्साह के साथ किया। तत्पश्चात कक्षा आठवीं व कक्षा दसवीं की छात्राओं ने अपनी प्रतिभाका प्रदर्शन किया। अंत में कक्षा दसवीं विजयी रही चेयरमैन संजय जैन, प्रबन्धक विनय रुहेला, प्रधानाचार्या डॉ0 नीरू जोशी व सभी शिक्षकगण ने बच्चों के उत्साह को बढ़ाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# स्वास्थ्य अभियान के तहत एक्यूप्रेशर कैंप आयोजित



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** डिवाइन टच हीलिंग थेरेपी सेंटर गुरुद्वारा, श्रीगुरु सिंह सभा, वैशाली, सेक्टर 1, द्वारा स्वास्थ्य अभियान के अंतर्गत वैशाली सेक्टर 2 राधा पार्क में एक्यूप्रेशर कैंप आयोजित किया गया। कैंप में वहां रहने वाले अनेक नागरिकों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया। इसमें सर्वाइकल, कमर, कंधे, घुटनों का दर्द, साइटिका आदि का एक्यूप्रेशर व एक्यूपंक्चर से मरीजों का उपचार किया गया। दीप ड्रीम्स इंडिया द्वारा ब्लड टेस्ट कैंप का भी लोगों ने लाभ लिया। एक्यूप्रेशर एक्सपर्ट डॉक्टर सुखमीत कौर व उनकी टीम के सदस्य संजू रघुवंशी, बलजीत सिंह, संजीव सेठी, लवी जैन, नीरज, प्रदीप कुमार, व संदीप आदि ने कैंप में आये नागरिकों को चिकित्सा प्रदान की।

इसके अलावा आयुर्वेद, मिलट्स एवं खान-पान की आदतों के प्रति जागरूक किया। कैंप में मुख्य अतिथि पार्षद कुसुम गोयल व पूर्व पार्षद डॉक्टर मनोज गोयल ने सहयोग किया। इस मौके पर गौरव अग्रवाल, मनोज, प्रमोद सिंगल मनोज मिश्रा, सुशील शर्मा, सरिता, ज्योति सिंघल, अनीता, कुमकुम शर्मा, लीना, कलावती, निशु, राय बहादुर ममता त्रिपाठी सिंह आदि मौजूद रहे।

### फर्जी 'फोन पे' से पेमेंट करने वाला अरेस्ट

# रेहड़ी पटरी और दुकानदारों को लगाया 2 लाख का चूना, दिखाया लाइव डेमो



**नोएडा, करंट क्राइम।** फर्जी फोन पे ऐप से फर्जी पेमेंट करके सामान खरीदने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक मोबाइल फोन टेक्नोपार्क बरामद किया गया। किस तरह से फर्जी फोन पे ऐन से पेमेंट करता है। इसका एक लाइव डेमो भी पुलिस के सामने दिखाया गया। ये दिखने में बिल्कुल असली है। पैसा भी पिन कोड डालने के बाद ही कटता है। लेकिन ये सब कुछ फर्जी होता है। एक प्रकार का प्रैंक है।

आरोपी की पहचान आर्यन हुई है। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि आरोपी आर्यन एनसीआर में दुकानदारों के पास जाकर उनसे सामान खरीदता था। और अपने मोबाइल में इन्स्टॉल फर्जी फोन पे ऐप के जरिए पेमेंट करके चला जाता था। जब दुकानदार चेक करता तो उसके खाते में पैसा नहीं आया होता था। ये अधिकतर भीड़ भाड़ और रेहड़ी पटरी वालों को शिकार बनाता था। आर्यन ने अब तक फर्जी फोन पे ऐप के माध्यम से धोखाधड़ी कर 2 लाख रुपए की फर्जी पेमेंट कर सामान खरीदा है। इस ऐप से शराब, सिगरेट, बीड़ी, गुटखा आदि को मौज मस्ती में प्रयोग किया गया। आरोपी की गिरफ्तारी गेझा गांव में अंग्रेजी शराब की दुकान, सेक्टर 93 से की गई। जिसके कब्जे से फर्जी पेमेंट कर खरीदी गई 02 बोतल अंग्रेजी शराब (बैगपाइपर) व 01 मोबाइल जिसमें फर्जी फोन पे ऐप इंस्टॉल है बरामद किया गया।

# रात में न सो पाने से परेशान महिला पहुंची थाने

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** साहिबाबाद थानाक्षेत्र के लाजपत नगर में रहने वाली एक महिला ने अपने पड़ोसियों से तंग आकर मुकदमा दर्ज कराया है। दरअसल महिला के पड़ोस में रहने वाले अयोध्या प्रसाद के तीन बेटों का सब्जी का कारोबार है। महिला के ऊपर वाले फ्लैट में रहने वाला यह परिवार घर के नीचे ही देर रात सब्जी की सफाई और छंटाई का काम करता है। इस दौरान वे शोर शराबा भी करते हैं। कमर्शियल वाहनों का आना जाना लगा रहता है। लाजपत नगर के डी ब्लॉक निवासी वंदना ने स्थानीय लोगों के साथ थाने पहुंचकर अयोध्या प्रसाद और उनके बेटों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ितों ने सब्जी कारोबारी और उनके बेटों पर कॉलोनी में ही सब्जी का काम करते समय अनावश्यक शोर-शराबा और आवासीय क्षेत्र में देर रात तक कमर्शियल गतिविधियां संचालित करने का आरोप लगाया है। वाहनों के डाले खोलने और बंद करने से होने वाले शोर शराबे के चलते आसपास के लोगों को परेशानी होती है। साहिबाबाद थाना पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

## मतदान



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाज़ियाबाद वार्ड 19 उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी रंजीता कल्याणी के समर्थन में महानगर सह मीडिया प्रभारी करण शर्मा, धर्मपत्नी सपना शर्मा, माता-पिता घनश्याम शर्मा एवं राधा शर्मा, दोनों भाइयों एडवोकेट मनीष शर्मा एवं एडवोकेट हिमांशु शर्मा और उनकी पत्नियों ने मतदान किया।

# पार्षद यशपाल पहलवान ने किया विकास कार्य का उद्घाटन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भोपुरा वार्ड 20 की गली नंबर 1 का उद्घाटन क्षेत्रीय पार्षद यशपाल पहलवान ने किया। इस मौके पर पार्षद यशपाल पहलवान ने लोगों को आश्वासन दिया कि आने वाले समय में वार्ड 20 का कायाकल्प होगा। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है। सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। इस अवसर पर डॉ. कमल, अमित कल्याणी, राशिद, शाबू, हाजी मुकीम, इरशाद, गोपाल, सरफराज, ताहिर, युसूफ आदि लोग मौजूद रहे।




# कमिश्नरेट में कितने कारखास

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम को बने दो साल का समय पूरा हो चुका है। वर्किंग से लेकर रैकिंग में पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम और थानों से लेकर पिंक बूथ नए कीर्तिमान बना रहे हैं। वहीं बीते दो सालों के दौरान कारखास शब्द सुनने को नहीं मिला, तो वहीं इनपर अभी तक कोई कार्रवाई या रोकथाम का प्रयास भी नहीं हुआ। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बताते हैं कि मंगलवार को गाजियाबाद में तैनात रहे एक आईपीएस अधिकारी ने अपने जिले में 36 पुलिसकर्मियों को ठेकेदारी के तहत धंधा करने के आरोप में लाइन हाजिर किया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इस जिले में जैसे ही कार्रवाई शुरू हुई, तो दिल्ली से सेट दो कमिश्नरेट में कारखास का जिक्र शुरू हो गया। कोई व्हाट्सएप कॉल पर बतिया रहा था, तो कोई थाने में। पुलिस सिस्टम में कारखास बेहद खास पुलिस कर्मी माना जाता है। कहा जाता है कि वो पीआरवी से लेकर थाने की माइक मोबाइल तक अपना नेटवर्क रखता है। थाने के प्रभारी से लेकर सर्किल और चौकी प्रभारी और खास ऑफिस के लोग भी उसे उसकी कार्य पद्धति के लिए जानते हैं। पुलिस कमिश्नरेट में तो एक समय यह भी रहा है, जहां जिस बिरादरी का थानेदार वहां उसी बिरादरी का ठेकेदार। इसके साथ ही अधिकांश थानों पर ओबीसी वाली एक पश्चिम की खास जाति का दबदबा देहात से लेकर सिटी और नदिया पार से लेकर लाइन पार तक नजर आता है। वहीं कई कार्यालयों में भी उसी बिरादरी वालों का दबदबा है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट में बड़े-बड़े साहब लोग हैं। आईपीएस की एक जिले में सर्वाधिक संख्या है, उसके बावजूद भी कारखास के खास कारनामों पर कभी भी ना तो लाइन खींच पाया है, ना नकेल लगाने के साथ ही पेंच कस पाया है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि वैसे मंगलवार को कई थानों में कारखास वाला काम देखने वाले कांस्टेबल से लेकर हेड कांस्टेबल थोड़ी बेचैनी में देखे गए हैं लेकिन कमिश्नरेट वाले सूत्र बताते हैं कि पुलिस सिस्टम में ऐसी कार्रवाई पहले भी होती रही हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट में शायद ही कोई जोन का प्रभारी हो, उसे इस सिस्टम और मैनेजमेंट का ना पता हो। खैर देखना यह होगा कि एक जिले से शुरू हुई कार्रवाई वाली यह परंपरा किस कमिश्नरेट और जिले में होती है और कौन आंखें बंद करें सब कुछ देखता रहता है।



### व्यापारी के घर से 80 तोला सोना चोरी का मामला

# दोनों आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने बरामद किए 11 लाख रुपए





**मोदीनगर, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के मोदीनगर की तिबड़ा मार्ग स्थित आर्य नगर कॉलोनी में व्यापारी के घर की अलमारी से 80 तोला सोना चोरी करने के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से ग्यारह लाख रुपए बरामद किए है। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि गत 23 नवम्बर को आर्य नगर कॉलोनी निवासी राम अग्रवाल ने मोदीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उनके घर में बनी अलमारी से 80 तोला सोना व दो किलो चांदी चोरी हो गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। दो दिन पहले पुलिस ने मेरठ निवासी समीर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 25 लाख रुपए कीमत के जेवरात बरामद किए थे। उसने बताया था कि मेरे पिता ने जेवरात बेचकर एक प्लॉट खरीदा था और बाकी रकम भी उनके पास है। एसीपी ने बताया कि सुबह के समय पुलिस ने समीर के पिता मोहम्मद उमर निवासी समर गार्डन थाना लिसाड़ी गेट को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उमर के पास से ग्यारह लाख रुपए की नकदी बरामद की गई है। पुलिस ने बताया कि समीर ने राम अग्रवाल के घर पर कारपेंटर का काम किया था। इसी बीच उनकी नियत बदल गई और उसने अलमारी का ताला तोड़कर चोरी कर ली। इसके मोदीनगर के गांव एमपी सिखैड़ा में एक सप्ताह पूर्व ट्यूबवैल से चोरी करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर सामान बरामद किया है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-ए द्वारा एक दिवसीय शिविर प्रकृति एवं आयुर्वेद का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 आकांक्षा सारस्वत व एशवर्या बहुगुणा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस एक दिवसीय शिविर का शुभारम्भ माँ सरस्वती की आराधना उपरान्त किया गया। डीजे आयुर्वेदिक कॉलेज के डॉक्टर्स की टीम अकादमिक डीन डॉ0 श्वेता, डॉ0 सोनल, डॉ0 निकिता, डॉ0 दर्शना आदि ने स्वयं सेविकाओं को भारतीय आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के लाभ बताये व छात्राओं का परिक्षण करके विभिन्न रोगों के निदान भी बताय। डॉ0 श्वेता ने आयुष मंत्रालय भारत सरकार, भारतीय चिकित्सा पद्धति, राष्ट्रीय आयोग द्वारा चलाये जा रहे प्रकृति परिक्षण योजना के अंतर्गत छात्राओं को प्रकृति ऐप के बारे में बताया तथा सभी छात्राओं व शिक्षिकाओं का रजिस्ट्रेशन भी कराया। प्राचार्या प्रो0 पूनम शर्मा ने कहा कि भारतीय आयुर्वेद हमारी संस्कृति का अभूतपूर्व अंग है तथा आज हमें जरूरत है कि हम भारतीय आयुर्वेद को अपनाये तथा स्वस्थ्य रहें। इस एक दिवसीय शिविर में छात्राओं ने बहुत उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता किया।

## कूड़ा घर





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। विजयनगर क्षेत्र के मेन गौशाला रोड पर जिस कूड़ा घर को विलोपित किया गया था। वह कूड़ा घर फिर से आलोकित हो गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता हरप्रीत सिंह जग्गी ने इस मामले को उठाया है। उन्होंने कहा कि मेन गौशाला रोड सम्राट चौक वार्ड-3 के पास ये कूड़े का ढेर है। खास बात ये है कि ये कूड़ा घर भाजपा के शहर विधायक संजीव शर्मा के घर के पास है।

# फ्रांस के मायोट में चक्रवाती तूफान के कारण सैकड़ों की मौत






## बढ़ सकता है मौत का आंकड़ा, बिजली आपूर्ति ठप

मायोट। फ्रांस के मायोट में आए चक्रवाती तूफान 'चिडो' में सैकड़ों लोगों के मारे जाने की आशंका है। फ्रांसीसी क्षेत्र में आए अब तक के सबसे भीषण तूफान ने द्वीपसमूह को प्रभावित किया है। मायोट प्रीफेक्ट फ्रांकोइस-जेवियर बियुविले ने टीवी चैनल मायोट ला1एरे से कहा कि मृतक संख्या हजारों में भी हो सकती है। फिलहाल उन्होंने कोई विशिष्ट आंकड़ा नहीं दिया है। इस बीच, फ्रांस ने सोमवार को अपने छोटे से हिंद महासागर क्षेत्र मायोट में बचाव कर्मियों और आपूर्ति को पहुंचाने के लिए जहाजों और सैन्य विमानों का इस्तेमाल किया।

फ्रांसीसी आंतरिक मंत्रालय ने कहा, इस स्तर पर सभी पीड़ितों का हिसाब देना मुश्किल होगा, लेकिन 11 शवों की गिनती हो चुकी है।

**इस तीव्र तूफान में तिनके की तरह बिखरे घर :** बियुविले ने कहा, इस तीव्र उष्णकटिबंधीय चक्रवात के कारण हुई मौतों और घायलों की सटीक संख्या का पता लगाना बहुत कठिन है। चक्रवात के कारण हवाई अड्डे सहित सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है, इलाके तबाह हो गए हैं और बिजली आपूर्ति ठप हो गई है।

**खंडहर बने स्कूल-अस्पताल और सरकारी कार्यालय :** चक्रवाती तूफान आने के बाद जिंदा बचे लोग पानी और आश्रय की तलाश में मलबे से भरी सड़कों पर भटकते दिखाई दिए। स्थानीय निवासी फहर अब्दुलहमीदी के अनुसार, चिडो से भारी विनाश हुआ है। स्कूल, अस्पताल, रेस्तरां और सरकारी कार्यालय खंडहर हो गए। पहाड़ी गांव लकड़ी के ढेर में तब्दील हो चुके हैं। लोग पीने के पानी को लेकर चिंतित हैं। टावर टूटने से दूरसंचार सेवाएं भी बाधित हुई हैं।

इस बीच, अधिकारियों ने सड़कों से पेड़ों को हटाने के लिए सैन्य शैली के वाहनों का इस्तेमाल किया, ताकि बचाव दल और आपूर्ति जरूरतमंद लोगों तक पहुंच सके। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में आपातकालीन टीमें पहुंचने में अभी भी बाधा आ रही है।

# चीन में भ्रष्टाचार की कोई माफी नहीं

## देश के सबसे बड़े घोटाले में लिप्त अधिकारी को फांसी पर चढ़ाया

**बीजिंग।** चीन की सरकार में भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टोलरेंस की नीति है और इसी नीति के तहत चीन की सरकार ने अपने एक और शीर्ष अधिकारी को मौत की सजा दे दी है। चीन की सरकार ने मंगलवार को उत्तरी इनर मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र के पूर्व अधिकारी ली जियानपिंग को फांसी दे दी। ली जियानपिंग को देश के अब तक के सबसे बड़े भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराया गया था। यह भ्रष्टाचार 42 करोड़ अमेरिकी डॉलर से ज्यादा का बताया जा रहा है।




### चीन के सबसे बड़े घोटाले में पाए गए थे दोषी

ली जियानपिंग चीन की सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी की कार्यसमिति के सदस्य थे। ली को पूर्व में सितंबर 2022 में ही मौत की सजा दी जानी थी, लेकिन उन्होंने सजा के खिलाफ अपील की थी। अपील के बाद भी चीन के सुप्रीम कोर्ट ने सजा को बरकरार रखा, जिसके बाद अब ली को फांसी की सजा दी गई। चीन के मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, ली जियानपिंग को अदालत द्वारा 42 करोड़ डॉलर की अवैध कमाई का दोषी पाया गया था। यह चीन के इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला बताया जा रहा है।

साल 2012 में चीन की सत्ता पर काबिज होने के बाद से ही राष्ट्रपति शी जिनपिंग का भ्रष्टाचार के खिलाफ रुख सख्त रहा है। अब तक शी जिनपिंग के कार्यकाल के दौरान दो पूर्व रक्षा मंत्रियों और दर्जनों सैन्य अधिकारियों समेत दस लाख से अधिक पार्टी अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों में सख्त कार्रवाई की गई है। इस साल जनवरी में केंद्रीय अनुशासन निरीक्षण आयोग (सीसीडीआई) के पूर्ण सत्र में दिए गए अपने भाषण में भी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पार्टी कार्यकताओं से भ्रष्टाचार का डटकर सामना करने का आान किया था।

गौरतलब है कि चीन में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख के बावजूद घोटालों में लिप्त अधिकारियों के सजा पाने के मामले बढ़े हैं। सेना में शी जिनपिंग के भ्रष्टाचार विरोधी अभियान ने वैश्विक ध्यान खींचा है, जिसके बारे में उनके आलोचकों का कहना है कि इसने उन्हें सत्ता पर अपनी पकड़ मजबूत करने में सक्षम बनाया है।

### पैसे बचाने लिए श्रीलंकाई सरकार ने उठाया बड़ा कदम

# पूर्व राष्ट्रपतियों की सुरक्षा में होगी कटौती

**कोलंबो।** श्रीलंका की सरकार ने वार्षिक बचत के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपतियों को प्रदान की जाने वाली अत्यधिक व्यक्तिगत सुरक्षा में कटौती करने का फैसला लिया है। सरकार पहले ही घोषणा कर चुकी है कि पूर्व राष्ट्रपतियों को प्रदान की गई कार्मिक सुरक्षा एक जनवरी से कम कर दी जाएगी। श्रीलंकाई मंत्री आनंद विजेपाला ने मंगलवार को कहा कि सरकार का उद्देश्य पूरे देश की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। उन्होंने इस फैसले को सरकार की नीति के अनुरूप बताया।

पूर्व राष्ट्रपतियों को दी जाने वाली सुरक्षा में कटौती

विजेपाला ने सरकार के इस फैसले पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, हमने देश से वादा किया है कि उच्च सार्वजनिक पदों पर तैनात लोगों को भी आम नागरिकों की तरह सुविधा प्रदान की जाएगी। हम सड़कों पर बड़े वीआईपी काफिलों के कारण जान लगने की प्रथा को समाप्त करना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा, 2024 के दौरान पूर्व राष्ट्रपतियों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए 1,448 मिलियन खर्च हुए हैं। इस कठिन समय में यह लोगों पर बोझ है।



**पूर्व राष्ट्रपति राजपक्षे का खर्च सबसे अधिक :** पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे का खर्च सबसे अधिक था। उन्होंने कहा, हमने व्यक्तिगत तौर पर पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे को निशाना नहीं बनाया है। हम सभी राष्ट्रपतियों की बात कर रहा हूं। उन्हें अब केवल 60 पुलिसकर्मी उपलब्ध कराए जाएंगे। सरकार के इस फैसले पर विपक्षी पार्टी राजपक्षे की श्रीलंका पोडुजाना पेरामुना (एसएलपीपी) ने प्रतिशोध की एक राजनीतिक कार्रवाई करार दिया है। उन्होंने दावा किया कि उन्हें अभी भी लिट्टे (एलटीटीई) से खतरा है।

बता दें कि राजपक्षे को लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) पर जीत का श्रेय दिया जाता है। लिट्टे ने लगभग 30 वर्षों तक श्रीलंका के उत्तरी और पूर्वी प्रांतों में एक अलग तमिल मातृभूमि के लिए सैन्य अभियान चलाया था। 2009 में उनके सर्वोच्च नेता वी. प्रभाकरन को मार गिराया गया था।

# पाकिस्तान के पूर्व मंत्री ने की प्रियंका की तारीफ

## फलस्तीन लिखा बैग लेकर संसद पहुंचने पर दिया बयान

**इस्लामाबाद।** कांग्रेस महासचिव और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के फलस्तीन लिखा बैग लेकर संसद पहुंचने के कदम की पाकिस्तान के पूर्व मंत्री ने तारीफ की है। पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद हसन चौधरी ने एक्स पर प्रियंका गांधी के बैग के साथ तस्वीर साझा की है।

उन्होंने लिखा कि जवाहर लाल नेहरू जैसे महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पोती से क्या उम्मीद की जा सकती है? प्रियंका बौने लोगों के बीच तनकर खड़ी हुई हैं। यह बेहद शर्मनाक है कि किसी पाकिस्तानी सांसद ने आज तक ऐसा साहस नहीं दिखाया।





**फलस्तीन लिखा लेकर बैग संसद आईं थीं प्रियंका :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा सोमवार को संसद में एक बैग लेकर पहुंचीं थी, जिस पर 'फलस्तीन' लिखा हुआ था, जो संघर्ष प्रभावित क्षेत्र के लोगों के समर्थन में एक इशारा था। प्रियंका गांधी वाड्रा के हैंडबैग पर 'फलस्तीन' शब्द और फलस्तीनी प्रतीक दिखाई दिए, जिसमें एक तरबूज की भी तस्वीर दिखी - जिसे फलस्तीनी एकजुटता के प्रतीक के रूप में देखा जाता है।

**इस्राइल की कार्रवाई के खिलाफ आवाज उठा चुकी हैं प्रियंका :** प्रियंका गांधी वाड्रा गाजा पर इस्राइल की कार्रवाई के खिलाफ आवाज उठा रही हैं और उन्होंने फलस्तीनियों के साथ एकजुटता व्यक्त की है। इससे पहले जून महीने में, प्रियंका गांधी ने इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की आलोचना की थी, क्योंकि उन्होंने कहा था कि इस्राइल सरकार गाजा में 'नरसंहारकारी कार्रवाई' कर रही है, और उन्होंने उन पर और उनकी सरकार पर 'बर्बरता' का आरोप लगाया था।

**भाजपा ने उठाए थे सवाल :** भाजपा सांसद और प्रवक्ता संबित पात्रा ने 'फलस्तीन समर्थक इशारे' को लेकर प्रियंका गांधी वाड्रा पर निशाना साधते हुए कहा था कि जहां तक गांधी परिवार के सदस्यों का सवाल है, यह कोई नई बात नहीं है।

नेहरू से लेकर प्रियंका वाड्रा तक, गांधी परिवार के सदस्य तुष्टिकरण का बैग लेकर घूमते हैं। उन्होंने कभी भी अपने कंधों पर देशभक्ति का बैग नहीं लटकाया। यह बैग उनकी हार का कारण है।

# टिकटॉक की अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से गुहार

## कहा- राष्ट्रपति बाइडन ने जो कानून लागू किया, उस पर लगाई जाए रोक

**वाशिंगटन।** टिकटॉक ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से राष्ट्रपति जो बाइडन की ओर से लागू किए गए कानून को अस्थायी रूप से रोकने की मांग की है। टिकटॉक ने सुप्रीम कोर्ट से मामले में छह जनवरी तक निर्णय लेने के लिए कहा है।

अप्रैल में राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा हस्ताक्षरित एक विधेयक को कानून में बदल दिया गया था, जिसके तहत चीन के बाइटडांस (टिकटॉक का मालिक) को 19 जनवरी को अमेरिकी प्रतिबंध का सामना करना पड़ेगा। अमेरिका में टिकटॉक के पास एक ही ऑप्शन है कि वह खुद को किसी अमेरिकी कंपनी को बेच दे। यदि ऐसा नहीं होता है तो कंपनी को अमेरिकी बाजार को छोड़ना होगा। अमेरिका में टिकटॉक के 170 मिलियन यानी करीब 17 करोड़ यूजर्स हैं। इसे लेकर टिकटॉक की ओर से कहा गया है कि अमेरिकी सरकार ने उस पर बड़ा प्रतिबंध लागू किया है। यदि राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा लाया गया कानून लागू हो जाता है तो अमेरिका में सबसे लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफार्म बंद हो जाएगा। इससे उन अमेरिकियों को अपनी बात रखने का मौका नहीं मिल सकेगा जो राजनीति, व्यापार, कला और सार्वजनिक सरोकारों के मामलों पर संवाद करते हैं। इसके साथ ही तमाम छोटे व्यापारियों पर भी असर पड़ेगा। लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।




बताया जा रहा है कि अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को शपथ लेंगे। इससे पहले अगर मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा हस्ताक्षर किया गया कानून लागू हो जाता है तो अमेरिका और चीन के संबंध भी प्रभावित होंगे। वहीं नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप टिकटॉक के सहयोगी के रूप में नजर आ रहे हैं। क्योंकि उनकी फेसबुक की मूल कंपनी मेटा और उसके स्वामी मार्क जुकरबर्ग से खटपट है।

ऐसा इसलिए है कि मेटा ने छह जनवरी 2021 को यूएस कैपिटल दंगे के बाद पूर्व राष्ट्रपति को फेसबुक से प्रतिबंधित कर दिया था। वहीं यह भी साफ है कि अगर अमेरिका में टिकटॉक पर प्रतिबंध लग जाता है तो इसका सबसे बड़ा लाभ फेसबुक और मेटा को होगा।

# राष्ट्रपति पुतिन को बड़ा झटका


## मॉस्को बम धमाके में परमाणु सुरक्षा बल प्रमुख की मौत

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को एक बड़ा झटका लगा है। यहां की राजधानी मॉस्को में मंगलवार को एक बड़ा धमाका हुआ, जिसमें रूस के परमाणु, जैविक और रासायनिक सुरक्षा बलों के प्रमुख, लेफ्टिनेंट जनरल इगोर किरिलोव की मौत हो गई।

**अपार्टमेंट के बाहर हत्या :** किरिलोव की क्रेमलिन के पास रियाजांस्की प्रॉस्पेक्ट पर स्थित एक अपार्टमेंट के बाहर हत्या कर दी गई।

**स्कूटर में छिपाया गया था बम :** रूसी जांच एजेंसियों के अनुसार, धमाका एक इलेक्ट्रिक स्कूटर में छिपाए गए बम के कारण हुआ। बम फटने से किरिलोव और उनके एक सहायक की जान चली गई। रूस की समाचार एजेंसी तास ने एक कानून प्रवर्तन अधिकारी के हवाले से बताया कि विस्फोटक उपकरण की क्षमता करीब 300 ग्राम टीएनटी के बराबर थी।

**तस्वीरें सामने आईं :** जमीन से ली गई तस्वीरों में मलबे से अटी एक इमारत का टूटा हुआ प्रवेश द्वार दिखाई दे रहा। वहीं, घटनास्थल पर खून से सनी बर्फ में दो शव पड़े हुए थे और पुलिस ने इलाके को घेर लिया था। इसके बाद इस मामले में आपराधिक जांच शुरू कर दी गई है।



**जहां धमाका हुआ वहां नहीं लगे थे कैमरे :** एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जिस इलाके में धमाका हुआ, वहां के निवासियों का कहना है कि वहां निगरानी कैमरे नहीं थे। उन्होंने बताया, वहां के लोग सालों से कह रहे थे कि कैमरे ठीक से काम नहीं कर रहे और उनकी निगरानी नहीं हो रही है। मगर किसी ने ध्यान नहीं दिया।

एक अन्य मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यूक्रेन की सुरक्षा सेवा (एसबीयू) ने कहा कि सोमवार को यूक्रेनी अभियोजकों ने किरिलोव पर यूक्रेन में प्रतिबंधित रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल का आरोप लगाया है। रूस ने इन आरोपों से इनकार किया है।

अक्तूबर में, यूनाइटेड किंगडम ने किरिलोव और परमाणु सुरक्षा बलों को रिपोर्ट की गई घटनाओं के आधार पर दंगा नियंत्रण एजेंटों और विषाक्त गैस क्लोरोपिक्रिन के इस्तेमाल की मंजूरी दी थी। क्लोरोपिक्रिन एक तैलीय तरल है, जो पहले विश्व युद्ध में आंसू गैस के रूप में इस्तेमाल होता था। रासायनिक हथियारों पर प्रतिबंध लगाने वाले संगठन (डढउह) ने इसके इस्तेमाल पर रोक लगाई है।

# अमेरिकी स्कूल में गोलीबारी से बच्चों समेत तीन की मौत

## विस्कॉन्सिन की घटना, कई घायल

**वाशिंगटन।** विस्कॉन्सिन के एक ईसाई स्कूल में हुई गोलीबारी की घटना में तीन लोगों की मौत हुई है। कई लोगों के घायल होने की भी खबर है। पुलिस ने पुष्टि की है कि सोमवार को मैडिसन के एबंडैंट लाइफ क्रिश्चियन स्कूल में अंधाधुंध गोलीबारी हुई। मैडिसन पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में बताया और कहा कि मामले की जांच जारी है। पहले गोलीबारी में पांच लोगों के मारे जारे की बात कही जा रही थी, बाद में पुलिस ने तीन लोगों की मौत की पुष्टि की।

**लगभग 400 छात्रों का स्कूल :** स्थानीय पुलिस ने लोगों से इलाका खाली करने की अपील भी की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गोलीबारी में संदिग्ध हमलावर सहित पांच लोग मारे गए। मृतकों में बच्चे भी शामिल हैं। गोलीबारी में पांच लोग घायल भी हुए हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक इस प्राइवेट स्कूल में किंडरगार्टन से लेकर 12वीं कक्षा तक के लगभग 400 छात्र पढ़ते हैं।

**किशोर शूटर समेत पांच की मौत, पांच घायल :** मैडिसन पुलिस की तरफ से सोशल मीडिया पर जारी बयान के मुताबिक पुलिस प्रमुख शॉन बार्न्स ने बताया कि गोलीबारी की वारदात में कम से कम पांच लोग मारे गए, जिनमें संदिग्ध शूटर भी शामिल है। हमलावर एक किशोर है। पुलिस अधिकारियों के स्कूल पहुंचने पर किशोर शूटर मृत पाया गया। बार्न्स ने कहा कि राहत और बचाव कार्य के दौरान पांच लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया।



### गोलीबारी के कारणों का खुलासा नहीं

घटनास्थल से पोस्ट की गई वीडियो में पुलिस के अलावा एंबुलेंस और अग्निशमन दल के वाहनों को देखा गया। आपातकालीन राहत दल के कर्मी भी बड़ी संख्या में दिखे। गोलीबारी के कारणों की जानकारी नहीं मिल सकी है।

**अमेरिकी स्कूलों में गोलीबारी की वारदात बढ़ी :** गौरतलब है कि अमेरिका में बंदूक नियंत्रण प्रमुख चुनौती बनकर उभरा है। स्कूल में होने वाली गोलीबारी के कारण बच्चों की सुरक्षा प्रमुख राजनीतिक और सामाजिक मुद्दा बन गया है। स्कूल शूटिंग डेटाबेस वेबसाइट के मुताबिक हाल के वर्षों में स्कूलों में गोलीबारी की घटनाएं बढ़ी हैं। इस साल अब तक 322 घटनाओं की सूचना मिली है। ये 1966 के बाद दूसरी सबसे अधिक संख्या है। पिछले साल 349 मामले सामने आए थे।

### स्कूल में गोलीबारी पर भड़के बाइडन

## 'छात्रों को स्कूल में पढ़ना-लिखना सीखना चाहिए न कि हिंसा'



**वाशिंगटन।** अमेरिका के विस्कोंसिन में एक स्कूल में हुई गोलीबारी की घटना पर राष्ट्रपति जो बाइडन ने चिंता जाहिर की। बाइडन ने कहा कि स्कूल में बच्चों को पढ़ना-लिखना सीखना चाहिए न कि बंदूक चलाना और हिंसा करना। बाइडन ने देश में बढ़ रही बंदूक संस्कृति को लेकर भी नाराजगी जाहिर की और कहा कि देश की संसद को इस बारे में गंभीरता से सोचने की जरूरत है।

**बाइडन बोले- संसद को तुरंत कदम उठाने की जरूरत :** स्कूल में गोलीबारी की घटना पर हैरानी और दुख जताते हुए बाइडन ने कहा कि ऐसी घटनाएं बिल्कुल अस्वीकार्य हैं और हम अपने बच्चों की रक्षा नहीं कर पा रहे हैं।' व्हाइट हाउस से जारी बयान में कहा गया कि 'आज विस्कोंसिन के मेडिसन के परिवार अपनों को खोने के दुख में हैं। हम चाहते हैं कि संसद इस पर तुरंत कोई कदम उठाए।' बयान में कहा गया कि 'न्यूटन से लेकर उवाल्डे, पार्कलैंड और मेडिसन तक स्कूलों में गोलीबारी की कई ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिन पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया। हम इसे सामान्य नहीं मान सकते। हर बच्चे का अधिकार है कि उसे स्कूल में पूरी सुरक्षा मिले। स्कूलों में पढ़ रहे छात्रों को पढ़ना-लिखना सीखना चाहिए न कि हिंसा और गोलीबारी करना।'

**विस्कोंसिन के स्कूल में हुई गोलीबारी में पांच की मौत :** गौरतलब है कि सोमवार को मैडिसन के एबंडैंट लाइफ क्रिश्चियन स्कूल में अंधाधुंध गोलीबारी हुई।

# भाजपा नेता अनिल अग्रवाल सांवरिया ने व्यापार मंडल सदस्यों के साथ देखी साबरमती रिपोर्ट












गाजियाबाद (करंट क्राइम)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के मेरठ मंडल अध्यक्ष तथा भाजपा नेता अनिल अग्रवाल सांवरिया ने व्यापार मंडल के सदस्यों, सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोगों के साथ बैठ कर द साबरमती रिपोर्ट फिल्म देखी। उन्होंने कहा कि तथ्यों पर आधारित यह फिल्म हमें पूर्व के घटनाक्रम को सही नजरिये से देखने में मदद करती है। प्रत्येक व्यक्ति को एक बार यह फिल्म देखनी चाहिए।

# विकास भवन में सरकारी विद्यालयों में किचन-गार्डन स्थापना हेतु बैठक आयोजित

## मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में हुई मीटिंग



गाजियाबाद, करंट क्राइम। नगर क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में किचन गार्डन की स्थापना के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) ने एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता रमा त्यागी, अध्यक्ष - हॉर्टिकल्चर एंड फ्लोरीकल्चर सोसायटी ने की। बैठक में बेसिक शिक्षा अधिकारी, क्षेत्र के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक मिड डे मील, जिला समन्वयक एम आई एस तथा इस क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे कुछ विद्यालयों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

### प्रथम चरण में 36 विद्यालयों को किया जाएगा लक्षित

करंट क्राइम। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि प्रथम चरण में 36 विद्यालयों को लक्षित किया जाएगा और इन विद्यालयों की प्रगति पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। जहां भी संभव होगा, वहां माली की सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त, सीडीओ ने विद्यालयों से जुड़ी विभिन्न मौजूदा समस्याओं को भी सुना और प्रत्येक समस्या के लिए उपयुक्त समाधान सुझाने के निर्देश दिए। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को प्रकृति के करीब लाना और उनके पोषण संबंधी जागरूकता को बढ़ावा देना है।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नीले खेमे का एक महावत बदलना चाहता है पाला? उसने अपने मन की बात को फ्लावर वाले से कह डाला? सुना है फ्लावर लाला ने कहा जहां हो ठीक हो बस जपते रहो नीली माला? भईया यहां तो सूरमा पड़े हैं ठंडे बस्ते में? संत से लेकर शांत तक सभी की पॉलिटिक्स पड़ी है शांत? जहां हो वहीं रहो इसी में है शान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा चौहान ने लिखा मतदान से पहले वार्ड 19 की जनता के नाम खुला लैटर ? बताया कि मैं तो करना चाहता था आप की सेवा, मगर क्या हुआ ये तो आप सब को पता ही है मैटर? कर दिया ऐलान मैं आप का सेवक था, आप का सेवक हूं और रहूंगा? क्षेत्र की जनता जब भी बुलाएगी आप के बीच हाजिर मिलेगा आपका चौहान? क्या इस पत्र से दिया है संदेश कि गेम को अभी खत्म नहीं समझे आप श्रीमान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मंडल अध्यक्ष वाली ताजपोशी में आ गया है इंटरस्टेट सिफारिश वाला ट्विस्ट? सुना है राजस्थान से लेकर मध्यप्रदेश वालों की एंट्री के बाद मोडिफाई हो सकती है लिस्ट? एक स्टेट के महामहिम भी दिखा रहे हैं किसी एक नाम पर इंटरेस्ट? हमें सुनाई दी है जो सूत्रों से टोन, उसमें एमपी से मिस्टर चौहान, त्यागी जी के लिए मिस्टर सिन्हा का फोन?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** लगता है फिर से हो गये हैं पूरी शीतलता से ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि के पहले जैसे जज्बात? लग रहा है बन गई है दानों की अब पहले जैसी बात? मैं था वार्ड चुनाव में मजबूत, यहां पर दिखाई दिया मुझे इस बात का सबूत? मैंने रगड़ कर अपनी आंखों को मसला? तब जाकर समझ आया मुझे मसला? ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि मैडम मैम्बर को गाड़ी में बिठाकर पूरे चुनाव में घूमी अपने साथ? देखते ही बन रहे थे दोनों के ये मोहब्बत से भरे हुए जज्बात?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** शहर वाले भगवा मंडल में क्या वकील साहब होने जा रहे हैं रिपीट? कहने वाले ने कहा कि सिटी वाली कमिश्नरी में मिला है उन्हें कोई तो सपोर्ट? कहने वाले ने बताया कि सूचना मान कर चलो आप सटीक? वो होने जा रहे हैं मंडल प्रधानी में रिपीट? सुना है आठ मैम्बरों को इस दौड़ में दी है उन्होंने जबदस्त डिफीट?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नीचे मचता रहे मंडलों का घमासान? मगर बड़े दरबार में तय हो गया है महानगर वाला नाम? कहने वाले ने कहा कि रखा जाएगा उनका महानगर वाली ताजपोशी में पूरा ध्यान? अगर सब ठीक रहा तो पूरे मान के साथ आ जाएगा ये नाम? कहने वाले ने कहा ओबीसी फैक्टर पर ये मामला होगा करेक्ट? सामान्य फैक्टर पर बनती दिख रही है किसी त्यागी और वैश्य चेहरे की बात? इस बात पर अब हम नहीं करेंगे ज्यादा रिएक्ट?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कुछ भी कहो फूल वालों ने तलाशे हैं पूरी शिद्दत से फूल वालों में ही खोट? सुना है विपक्ष वालों को भी कर दिया इस मामले में फेल? कोई किसी की जाति का निकाल लाया प्रमाण? तो किसी ने जुटा लिया किसी की सही उम्र का पूरा सबूत? सुना है इस वक्त आयु वाले मैटर में मिस्टर शर्मा और जाति वाले मैटर में चौधरी के नाम को लेकर मचा हुआ है घमासान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अब भगवा महिला खेमे को नहीं करना चाहिए विलंब? उन्हें भी हॉल बुक करना चाहिए और दिखा ही दें वो भी अब फिल्म? सांसद विधायक और भगवा व्यापार मंडल ने दिखा दी है अपने साथियों को फ्री में ये मूवी? अब तो भगवा लेडी खेमे को पेश करनी चाहिए अनोखी मिसाल? कैसा होगा वो सीन जब भगवा महिला मोर्चा होगा एक साथ इन द पिक्च र हॉल? कहने वाले ने कहा भगवा मैडम को दीवारों को रंगीन करने की है आदत? मुश्किल लग रहा है कि वो पूरी करेंगी फिल्म दिखाने की चाहत?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा सिंघल ने क्या ले लिया है भगवा पॉलिटिक्स से वीआरएस? क्या वो अब भी है भाजपा के एक्टिव मेंबर? उठा रहा है फूल वालों के बीच इस सवाल को उनका ही परिचित निगम मेंबर? भगवा सिंघल आखिर क्यों हो रहे हैं भगवा पॉलिटिक्स से उदासीन? कहने वाले ने कहा कि जिसने विपक्ष में रहकर अपने खिलाफ दर्ज करा लिया था केस? आखिर क्यों वीआरएस मोड में आ गया भाजपा का ये एक्टिव फेस?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** साइकिल वालों को मारने होगे और ज्यादा एक्टिविटी के पैडल? केवल दफ्तर में बैठ कर मूंगफली खाने से नहीं मिलने वाले सियासत में कोई मेडल? पुराने सपाई ने क्यों ये बात बार बार दोहराई? पहले संगठन को मजबूत करो फिर मिलकर लड़ो जनता की लड़ाई? कहने वाले ने कहा हाल ही में एक लड़ाई का बना था पार्टी की मीटिंग में प्रोग्राम? राज करने वाली देवी मैडम ने जब युवा नेता की अनुपस्थिति पर कोई ताना मारा? तब युवा नेता के समर्थक महासचिव ने उठा लिया सर पर आसमान?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# नारी सुरक्षा और विद्यालय परिसर के आस-पास नशीली वस्तुओं पर लगे प्रतिबंध : दिनेश कुमार गोयल



गाजियाबाद, करंट क्राइम। विधानसभा में दिनेश कुमार गोयल सदस्य विधान परिषद व विजय बहादुर पाठक सदस्य विधान परिषद द्वारा कहा गया कि सरकार मिशन शक्ति नारी सुरक्षा को लेकर अभियान चला रही है। गांव-गांव घर-घर में शौचालय बनाये जाने का अभियान चलाकर करोड़ों रुपयों की धनराशि व्यय की जा रही है, वहीं दूसरी तरफ उप्र के प्रत्येक थानों पर महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। प्रदेश के अधिकांश थानों में महिला शौचालय हैं ही नहीं, अगर हैं तो उनकी स्थिति बड़ी ही दयनीय है। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के अन्तर्गत पुलिस थाने हें जिनमें से 24 ऐसे थाने हैं जहां पर महिला पुलिसकर्मियों के लिए महिला शौचालय नहीं हैं। हजरतगंज कोतवाली - जो कि विधान भवन के पास ही है - में भी महिला शौचालय नहीं है। महिला पुलिसकर्मियों तथा महिला वादकारियों के लिए महिला शौचालय थानों में न होने से खुले में जाने को मजबूर होना पड़ता है। सभी उत्तर प्रदेश के थानों में महिला शौचालयों के इस लोक महत्व के प्रकरण पर अविलम्बनीय वक्तव्य की मांग की। साथ ही राजधानी लखनऊ सहित सभी जनपदों में विद्यालय परिसर के आस-पास सिगरेट, पान, गुटखा के विक्रय की दुकानें धड़ल्ले के साथ चल रही हैं। ऐसी सभी दुकानों को विद्यालय से एक निश्चित दूरी पर होना चाहिए। स्कूल परिसर के पास सड़कों के किनारे इस तरह की प्रतिबंधित दुकानें बेखौफ संचालित की जा रही हैं जहां पर छात्रों को सिगरेट पान-मसाले लेते देखा जा सकता है। छात्रों को ऐसे नशे से बचाने हेतु सरकार को कठोर कदम उठाने होंगे जिससे छात्रों को पान, सिगरेट आदि के नशे से बचाया जा सके।

# अवैध निर्माणों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए खरीदी गईं चार जेसीबी मशीनें









गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र में अवैध निर्माणों पर प्रभावी नियंत्रण किये जाने के उद्देश्य से कुल 4 जेसीबी मशीनों को जैम पोर्टल के माध्यम से क्रय किया जाना था, जिसका प्रस्ताव वर्ष 2022 से ही प्रस्तावित था परंतु उक्त कार्य काफी समय तक लम्बित रहा जिसका संज्ञान लेते हुए उपाध्यक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मशीनों का क्रय किये जाने के निर्देश दिये गये। उक्त निर्देशों के अनुपालन में 15 दिसंबर 2024 को 2 जेसीबी व 16 दिसंबर 2024 को 2 जेसीबी यानी कुल 4 जेसीबी प्राधिकरण द्वारा क्रय की गई हैं। इन चारों जेसीबी का मंगलवार को उपाध्यक्ष ने विधिवत पूजन करते हुए प्राधिकरण के प्रवर्तन जोनों को आवश्यक कार्रवाई किये जाने हेतु सुपुर्द किया गया। निर्देशित किया गया कि सचिव तथा अपर सचिव उक्त मशीनों के जोनवार आबंटित करते हुए अवैध निर्माणों पर सतत कार्रवाई की मॉनिटरिंग अपनी देखरेख में सुनिश्चित करें। प्रवर्तन जोन के प्रभारी अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया कि अवैध निर्माणों के विरुद्ध इन जेसीबी के उपयोग से अवैध कालोनियों एवं अवैध निर्माणों पर आवश्यक ध्वस्तीकरण करते हुए प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करें। इस लोकार्पण के अवसर पर उपाध्यक्ष, सचिव, अपर सचिव, मुख्य अभियन्ता, अधिशासी अभियन्ता एवं समस्त प्राधिकरण स्टाफ उपस्थित रहा।

## लोक नीति एवं शासन से संबंधित पारस्परिक विचार-विमर्श कार्यक्रम के लिए

# श्रीलंका के 40 सिविल सेवकों का गाजियाबाद में आगमन

### मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, एसडीएम व पुलिस उपायुक्त ने दी संबंधित कार्यों की विस्तार से जानकारी









गाजियाबाद, करंट क्राइम। जनपद गाजियाबाद में राष्ट्रीय सुशासन केंद्र की टीम के साथ श्रीलंका के 40 सिविल सेवकों का लोक नीति एवं शासन से संबंधित पारस्परिक विचार विमर्श कार्यक्रम हेतु आगमन हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम विकास भवन गाजियाबाद में श्रीलंका से आए सिविल सेवकों को गार्ड ऑफ हॉनर देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात गुरुकुल स्कूल के बच्चों द्वारा उनका टीका और माला पहनाकर स्वागत किया गया। विकास भवन स्थित दुर्गावती सभागार भवन में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल द्वारा भारतीय प्रशासन में जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी के कर्तव्यों और दायित्वों के बारे में बताया गया। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी नगर गम्भीर सिंह द्वारा अपर जिलाधिकारी के दायित्वों और कर्तव्यों को बताया गया। उप जिलाधिकारी निखिल चक्रवर्ती द्वारा तहसील और एसडीएम के कार्यों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में पुलिस प्रशासन से संबंधित कार्यों, दायित्वों एवं संरचना के बारे में पुलिस उपायुक्त निमिष पाटिल एवं सहायक पुलिस आयुक्त लिपि नागायच द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया। प्रस्तुतीकरण के पश्चात श्रीलंका सिविल सेवकों द्वारा कई जिज्ञासाएं जाहिर की गईं, जिनका उत्तर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के समापन में राष्ट्रीय सुशासन केंद्र के प्रतिनिधि एवं श्रीलंका के सभी सिविल सेवकों को ललित जायसवाल, चीफ वार्डन सिविल डिफेंस के द्वारा एनआरएलएम की स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित स्टोल पहनाकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला विकास अधिकारी द्वारा समस्त आगंतुकों को श्रीमद्भगवद्गीता और स्मृति उपहार प्रदान किया गया। सभागार से पुनः टीम को विकास भवन के विभिन्न कार्यालयों का भ्रमण जिला विकास अधिकारी प्रज्ञा श्रीवास्तवा द्वारा कराया गया।

# संजय नगर सेक्टर 23 व राजनगर को जोड़ने वाले कटों को खोला जाए

## विनीत शर्मा ने लिखा पुलिस कमिश्नर को पत्र




गाजियाबाद, करंट क्राइम। राजनगर व संजय नगर को जोड़ने वाले कटों से संबंधित समस्या को लेकर सोशल अवेयरनेस सोसायटी गाजियाबाद के अध्यक्ष विनीता शर्मा ने पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखा। पत्र की प्रतिलिपि अजीत पाल त्यागी, विधायक मुरादनगर विधानसभा और जिलाधिकारी गाजियाबाद को भी प्रेषित की। राजनगर व संजय नगर को जोड़ने वाले कटों को बड़े पैमाने पर बंद कर दिया गया है जिस कारण महिलाएं, बच्चे, छात्र व बुजुर्गों आदि को असीमित परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राजनगर क्षेत्र में बैंक, अस्पताल, स्कूल, कॉलेज व सरकारी विभाग कलेक्ट्रेट, कोर्ट आदि हैं, जिसके कारण संजय नगर, फ्रीहोल्ड व रहीसपुर से हजारों लोगों को राजनगर प्रतिदिन आना पड़ता है और राजनगर के लोगों को भी अपनी आवश्यकताओं के लिए संजय नगर प्रतिदिन जाना पड़ता है। कटों को बंद करने के कारण पब्लिक को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संजय नगर की कुछ सड़कों पर आवागमन बढ़ गया है। शुक्र बाजार लगने वाले दिन समस्या अधिक बढ़ जाती है, स्कूल के समय कटों पर जाम बढ़ जाता है। विनीता शर्मा ने अनुरोध किया कि कम से कम दो स्थानों पर कटों का खोला जाना बहुत जरूरी है, जिस कारण जनता को लाभ मिल सके।

# राजनगर और संजय नगर के सभी कट खोले जाएं या यू टर्न बनाए जाएं, नहीं तो करेंगे धरना-प्रदर्शन : विपिन गोयल



गाजियाबाद, करंट क्राइम। सेक्टर 23 संजय नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष विपिन गोयल ने कहा कि राजनगर और संजय नगर के सभी कट खोले जाएं या दो यू टर्न और बनाए जाएं, नहीं तो पूरा व्यापार मंडल धरना-प्रदर्शन करेगा। इन कटों के बंद होने से संजय नगर के व्यापारियों और जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संजय नगर व्यापार का हब है, यहां पर छोटी वस्तु से लेकर बड़ी वस्तुएं सस्ते मूल्य में आसानी से मिल जाती हैं। 2 लाख की आबादी वाला क्षेत्र है यहां पर सब्जी मंडी भी है। लोग खरीदारी के लिए राजनगर रईसपुर राजनगर एक्सटेंशन से काफी संख्या में यहां आते हैं। कटों के बंद होने से संजय नगर के व्यापारियों का व्यापार ठप हो गया है। यहां पर कटों के बंद होने से जाम भी लगा रहता है जिसका एक मुख्य कारण यशोदा हॉस्पिटल है। यशोदा हॉस्पिटल के कारण यहां पर आवागमन सुचारु रूप से नहीं हो पाता है अधिकतर जाम लगा रहता है। नेहरू नगर में भी यशोदा हॉस्पिटल के कारण यही हाल है, शहर के बीचोबीच अस्पताल है, जिस वजह से आवागमन में काफी परेशानी रहती है। यशोदा अस्पताल को शहर से कहीं बाहर स्थापित करना चाहिए। कटों के बंद होने से यशोदा हॉस्पिटल का व्यापार बढ़ रहा है जबकि अन्य व्यापारी दलों का व्यापार घट रहा है। प्रशासन को इस पर ध्यान देना चाहिए। सबसे पहले रईसपुर वाले कट को खोलना चाहिए क्योंकि वहां पर सरकारी अस्पताल है। आपातकालीन स्थिति होने पर गाजियाबाद के लोग अस्पताल में समय से नहीं पहुंच पाते हैं। प्रशासन ने बिना किसी पार्षद व क्षेत्रीय नेताओं से बातचीत करे, इस तरह का निर्णय लेना गलत है।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Ashutosh Mishra · Follow
2d ·

90 वर्षीय नानाजी के लखनऊ आगमन से मन खुशी से भर गया, जैसे कि पूरा संसार का सुख यहीं एकत्र हो।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। परिवार के बुजुर्ग वास्तव में एक परंपरा की, एक पीढ़ी की विरासती धरोहर होते हैं। इस संदेश को आशुतोष मिश्रा ने अपने नाना जी के आगमन की खुशी से साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।